सत्यमेव जयते

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन
मार्च 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए



संघ सरकार (सिविल)
स्वायत्त निकाय
2013 की सं. 23

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक
का
प्रतिवेदन

मार्च 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

संघ सरकार (सिविल)
स्वायत्त निकाय
2013 की सं. 23

विषय सूची

	पैराग्राफ	पृष्ठ
प्राक्कथन		*v*
विहंगावलोकन		*vii*
अध्याय I : सामान्य		
स्वायत्त निकायों के वार्षिक लेखे	1.1	1
संसद के दोनों सदनों के समक्ष केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के लेखापरीक्षित लेखाओं के प्रस्तुतिकरण में विलंब	1.2	4
उपयोग प्रमाण पत्र	1.3	5
प्रमाणीकरण लेखापरीक्षा के परिणाम	1.4	6
अध्याय II : कृषि मंत्रालय		
राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड		
विशिष्ट रोगजनक मुक्त झींगा सन्तति गुणन केन्द्र की स्थापना पर निष्फल व्यय	2.1	25
अध्याय III : संस्कृति मंत्रालय		
एशियाई समिति, कोलकाता		
कर्मचारियों को अनुचित लाभ	3.1	29
अध्याय IV : स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय		
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान		
शिक्षण साधन भत्ते पर अप्राधिकृत व्यय	4.1	33
शल्य चिकित्सीय मदों के प्रापण पर अधिक भुगतान	4.2	34
अध्याय V : मानव संसाधन विकास मंत्रालय		
उच्चतर शिक्षा विभाग		
योजना एवं वास्तुकला विद्यालय		
भूमि की खरीद पर निधियों का अवरोधन	5.1	39
अनियोजित खरीद के कारण सू.प्रौ. उपकरण बेकार पड़े रहे	5.2	40
संकाय सदस्यों द्वारा कंप्यूटरों तथा पेरीफेरल की खरीद की प्रतिपूर्ति हेतु संचित व्यवसायकि विकास भत्ते का अनियमित उपयोग- ₹ 1.52 करोड़	5.3	42

		पैराग्राफ	पृष्ठ
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली एवं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय			
जल प्रभारों पर छूट का दावा न किया जाना		5.4	43
विश्व भारती			
ब्याज की हानि		5.5	44
अध्याय VI : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय			
प्रसार भारती			
अधिक संस्वीकृत भार के कारण विद्युत आपूर्ति हेतु अतिरिक्त भुगतान		6.1	46
अध्याय VII : पोत परिवहन मंत्रालय			
मोर्मूगाव पत्तन न्यास			
निधियों का अवरोधन		7.1	48
अध्याय : VIII			
लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्रवाई की सारांशीकृत स्थिति		8.1	52
परिशिष्ट			
I	केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को 2007-08 से 2011-12 तक अवमुक्त किए गए अनुदानों/ऋणों की लेखापरीक्षा भा.नि.म.ले.प. (क.श.से.) अधिनियम, 1971 के धारा 19(2) और 20(1) के अधीन की गइ		55
II	केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को 2007-08 से 2011-12 के दौरान अवमुक्त किए गए अनुदानों/ऋणों की भा.नि.म.ले.प. (क.श.से.) अधिनियम, 1971 के धारा 14(1) और 14(2) के अधीन की गई लेखापरीक्षा		81
III	निकायों की सूची, जिन्होंने तीन महीनों से भी अधिक की देरी के पश्चात लेखा प्रस्तुत किया		98
IV	लेखा की प्रस्तुति में 2011-12 तक की अवधि के लिए बकाया		101
V	स्वायत्त निकायों की सूची, जिनका लेखापरिक्षित लेखा संसद में 31 दिसम्बर 2012 को प्रस्तुत नहीं किया गया		102
VI	स्वायत्त निकायों द्वारा पार्लियामेंट को वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 के लिए लेखापरीक्षित लेखा की प्रस्तुति में देरी		109
VII	अप्राप्त उपयोगिता प्रमाणपत्र		120
VIII	की गई कार्यवाही पर टिप्पणियाँ मार्च 2013 तक		133

		पैराग्राफ	पृष्ठ
अनुबंध			
I	स्वायत्त निकायों की सूची, जहाँ वर्ष 2011-12 के दौरान आंतरिक लेखापरीक्षा नहीं की गई		137
II	स्वायत्त निकायों की सूची, जहाँ वर्ष 2011-12 के दौरान अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया था		140
III	स्वायत्त निकायों की सूची, जहाँ वर्ष 2011-12 के दौरान वस्तु सूचियों का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया था		143
IV	स्वायत्त निकायों की सूची, जिन्होंने वित्त-मंत्रालय द्वारा नियत की गई निवेश पद्धति के अनुसार, भविष्य निधि शेष का निवेश नहीं किया था		146
V	स्वायत्त निकायों की सूची, जो नगद आधार पर अनुदानों का लेखांकन करती हैं		147
VI	स्वायत्त निकायों की सूची, जिनकी गणना बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उपादान एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के लिए नहीं की गयी है		149
VII	स्वायत्त निकायों की सूची जिन्होंने अचल संपत्तियों पर हुए ह्रास को उपलब्ध नही कराया है		152
VIII	स्वायत्त निकायों की सूची, जिन्होंने लेखापरीक्षा के आग्रह से अपने लेखा में संशोधन किया		153

प्राक्कथन

31 मार्च 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए यह प्रतिवेदन संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है। इस प्रतिवेदन में नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 के विभिन्न प्रावधानों के अधीन केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के वित्तीय लेन-देनों की नमूना लेखापरीक्षा के परिणाम दर्शाए गए हैं। इस प्रतिवेदन में 11 पैराग्राफ शामिल हैं।

लेखापरीक्षित संगठन परिवर्ती स्वरूप तथा विषयों वाले स्वायत्त निकाय हैं। ये संगठन आवश्यक रूप से सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता से कुछ विशिष्ट लोकोपयोगी सेवाओं के निष्पादन अथवा सरकार के कुछ कार्यक्रमों तथा नीतियों के निष्पादन हेतु अभिप्रेत हैं। इन निकायों तथा प्राधिकरणों में केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रसार भारती, पत्तन न्यास आदि सम्मिलित हैं।

इस प्रतिवेदन में उल्लिखित मामले वर्ष 2011-12 की अवधि के दौरान नमूना लेखापरीक्षा के दौरान जानकारी में आए।

विहंगावलोकन

विहंगावलोकन

सामान्य

स्वायत्त निकायों के वार्षिक लेखे

2011-12 में, 354 केन्द्रीय स्वायत्त निकाय थे जिनके लेखे नि.म.ले.प. (क.श.से.) अधिनियम 1971 की धारा 19(2) तथा 20(1) के अंतर्गत प्रमाणित किये जाने थे। भारत सरकार ने 2011-12 के दौरान 222 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को अनुदानों/ऋणों के प्रति ₹ 36247.97 करोड़ जारी किए थे। 132 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के बारे में संबंधित मंत्रालयों द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी थी। 354 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के 2011-12 के लेखे, लेखापरीक्षा हेतु 30 जून 2012 तक उपलब्ध कराए जाने थे तथा लेखापरीक्षित लेखे संसद में 31 दिसम्बर 2012 तक प्रस्तुत किए जाने थे। इनमें से, 155 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के लेखे लेखापरीक्षा को निर्धारित समय में प्रस्तुत किये गये थे। 18 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के लेखे संबंधित संगठन द्वारा दिसम्बर 2012 तक लेखापरीक्षा हेतु प्रस्तुत नहीं किये गये थे।

(पैराग्राफ 1.1)

कृषि मंत्रालय

राष्ट्रीय मत्स्य पालन विकास बोर्ड

विशिष्ट रोगजनक मुक्त झींगा संतति गुणन केन्द्र की स्थापना पर निष्फल व्यय।

आरेखणों के प्रस्तुतीकरण पर फर्म का 90 *प्रतिशत* का भुगतान करने के अविवेकपूर्ण निर्णय के साथ पार्टियों की वित्तीय क्षमताओं को सुनिश्चित किए बिना अनुबन्ध करने के कारण सात वर्ष बीत जाने के बाद भी परियोजना के गैर-स्थापन के परिणामस्वरूप ₹ 5.82 करोड़ का व्यय निष्फल रहा। भारतीय झींगा कृषकों को रोग मुक्त पी. मोनोडोन शुक्राणु आपूर्ति करने का उद्देश्य भी प्राप्त नहीं हुआ।

(पैराग्राफ 2.1)

संस्कृति मंत्रालय

एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता

कर्मचारियों को अनुचित लाभ

एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता ने अपने कमचारियों को ₹ 3.09 करोड़ का अनुचित लाभ दिया था, जो छठे वेतन आयोग की संस्तुतियों तथा संशोधित आश्वासित कैरियर

प्रगति योजना के प्रावधानों के अनुरूप नहीं थे। इसके अतिरिक्त, इसने कर्मचारियों को सेवा-निवृत्ति आयु से ऊपर सेवाओं का नियमित रूप से विस्तार किया था।

(पैराग्राफ 3.1)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

शिक्षा संसाधन भत्ते पर अप्राधिकृत व्यय

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने अपने संकाय सदस्यों तथा वर्ग 'क' अधिकारियों को मंत्रालय के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए शिक्षा संसाधन भत्ते की प्रतिपूर्ति की थी।

(पैराग्राफ 4.1)

शल्य-चिकित्सीय मदों की अधिप्राप्ति पर अधिक भुगतान

निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू करने में विलंब के फलस्वरूप शल्य-चिकित्सीय मदों की अधिप्राप्ति उच्च मूल्यों पर की गई जिसके परिणामस्वरूप ₹ 51.53 लाख का परिहार्य व्यय हुआ।

(पैराग्राफ 4.2)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्च शिक्षा विभाग

योजना तथा वास्तुकला विद्यालय

भूमि की खरीद पर निधियों का अवरोधन

योजना तथा वास्तुकला विद्यालय ने जनवरी 1988 से मार्च 1992 के दौरान इसके नये परिसर हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए ₹ 1.95 करोड़ का व्यय किया। तथापि, अब तक भूमि का सीमांकन भी नहीं हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप 20 वर्षों से अधिक के लिए धन का अवरोधन हुआ।

(पैराग्राफ 5.1)

सू.प्रौ. उपकरण अनियोजित खरीद के कारण बेकार पड़े रहे

योजना तथा वास्तुकला विद्यालय ने ₹ 66.21 लाख मूल्य के कम्प्यूटर तथा सू.प्रौ. उपकरण की खरीद अनियोजित तरीके से की थी जो व्यर्थ पड़े रहने का कारण बनी।

(पैराग्राफ 5.2)

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान

संकाय सदस्यों द्वारा कम्प्यूटरों एवं परिधीय की खरीद की प्रतिपूर्ति हेतु संचित व्यावसायिक विकास भत्ते का अनियमित उपयोग - ₹ 1.52 करोड़

मौ.आ.रा.प्रौ.सं., भोपाल ने 2009-12 के दौरान अपने संकाय सदस्यों को संचित व्यावसायिक विकास भत्ता (सं.व्या.वि.भ.) के अंतर्गत कंम्प्यूटरों/परिधीय की खरीद हेतु ₹ 1.52 करोड़ की प्रतिपूर्ति की जो अनियमित थी क्योंकि इस प्रकृति के व्यय (सं.व्या.वि.भ.) के अंतर्गत शामिल नहीं थे।

(पैराग्राफ 5.3)

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली तथा जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

जल प्रभारों पर छूट का दावा न किया जाना

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली तथा जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय उपलब्ध वर्षा जल संचयन प्रणालियों पर ₹1.44 करोड़ राशि के 10 *प्रतिशत* की छूट प्राप्त करने में विफल रहा।

(पैराग्राफ 5.4)

विश्व भारती

ब्याज की हानि

विश्व भारती ने न तो अव्ययित अनुदान वापस लौटाया और न ही ब्याज वाले सावधि जमा में ही निवेश किया था, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.39 करोड़ की ब्याज हानि हुई।

(पैराग्राफ 5.5)

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

प्रसार भारती

अधिक संस्वीकृति भार के कारण विद्युत आपूर्ति हेतु अतिरिक्त भुगतान

संस्वीकृत भार का वास्तविक आवश्यकता की संगति में मूल्यांकन करने में विफलता के परिणामस्वरूप निश्चित प्रभारों पर ₹ 82.41 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ।

(पैराग्राफ 6.1)

पोत परिवहन मंत्रालय

मोरमुगांव पत्तन न्यास

निधियों का अवरोधन

इं.ऑ.क.लि. द्वारा भवन के सदुपयोग निर्धारित किए बिना भवन के निर्माण तथा एक अन्य भवन की विक्रेयता सुनिश्चित न करने के फलस्वरूप, ₹3.01 करोड़ की धनराशि का अवरोधन हुआ।

(पैराग्राफ 7.1)

अध्याय I: सामान्य

1.1 स्वायत्त निकायों के वार्षिक लेखे

1.1.1 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को जारी किये गये अनुदान तथा ऋण

संसद द्वारा या उसके द्वारा बनाई गई विधि के अधीन तथा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा के विशिष्ट प्रावधानों का अन्तर्विष्ट करते हुए निकायों की लेखापरीक्षा सांविधिक रूप से नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा शर्तें) अधिनियम 1971 (अधिनियम) की धारा 19(2) के अंतर्गत की जाती है। अन्य संगठनों (निगमों अथवा संस्थाओं) की लेखापरीक्षा जनहित में उसी अधिनियम की धारा 20(1) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक को सौंपी गयी है। इन प्रावधानों के अंतर्गत लेखापरीक्षा की प्रकृति, वार्षिक लेखे के प्रमाणन के साथ-साथ धन के उचित उपयोग की लेखापरीक्षा है। इसके अलावा, केन्द्रीय स्वायत्त निकाय, जो मूलतः भारत की समेकित निधि से अनुदानों/ऋणों द्वारा वित्तपोषित हैं, की लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा अधिनियम की धारा 14(1) के प्रावधानों के अंतर्गत की जाती है। भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक, राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति से, उन केन्द्रीय स्वायत्त निकायों की लेखापरीक्षा, अधिनियम की धारा 14(2) के अंतर्गत कर सकते हैं, जिन्हें भारत की समेकित निधि से वार्षिक अनुदान अथवा ऋण ₹ एक करोड़ से कम नहीं है। इन प्रावधानों के अंतर्गत लेखापरीक्षा धन की उपयोगिता लेखापरीक्षा की प्रकृति में निहित है।

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक 354 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों (अधिनियम की धारा 19(2)/20(1)) के अधीन एकमात्र लेखापरीक्षक थे। 2011-12 के दौरान 222 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को ₹ 36247.97 करोड़ की राशि के अनुदान/ऋण दिये गये। शेष 132 निकायों के बारे में संबंधित मंत्रालयों द्वारा सूचना नहीं दी गयी थी **(परिशिष्ट-I)।**

329 अन्य केन्द्रीय स्वायत्त निकायों, (अधिनियम की धारा 14(1)/14(2) के अधीन) जिनकी वित्तीय/प्रमाणन लेखापरीक्षा निजी लेखापरीक्षकों को दी गयी थी, की अनुपालन एवं निष्पादन लेखापरीक्षा करना भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व है। विभिन्न मंत्रालयों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार, 2011-12 के दौरान, 236 निकायों को कुल ₹ 9572.32 करोड़ के अनुदान/ऋण दिये गये थे। शेष 93 निकायों के बारे में सूचना संबंधित मंत्रालय द्वारा नहीं दी गयी थी **(परिशिष्ट-II)।**

31 मार्च 2012 को समाप्त होने वाले पिछले पांच वर्षों के दौरान सिविल मंत्रालयों/ विभागों को प्रदत्त सकल बजटीय सहायता में से सभी केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को सहायता-अनुदान के रूप में जारी की गई कुल केन्द्रीय सहायता का हिस्सा 0.82 *प्रतिशत* से लेकर 0.93 *प्रतिशत* तक था, जैसा कि निम्न तालिका में दर्शाया गया है:

वर्ष	*वर्ष के दौरान के.स्वा.नि. को दी गयी कुल केन्द्रीय अनुदान की राशि (₹ करोड़ में)*	सकल बजटीय सहायता[1] *(₹ करोड़ में)*	सकल बजटीय सहायता के संदर्भ में केन्द्रीय अनुदान के.स्वा.नि. की प्रतिशतता
2007-08	20057.54	2445865.08	0.82
2008-09	28397.88	3220867.31	0.88
2009-10	40495.41	4356312.43	0.93
2010-11	44857.68	4683838.77	0.96
2011-12	45805.03	4935556.56	0.93

उपर्युक्त तालिका से देखा जा सकता है, कि कुल सकल बजटीय समर्थन के प्रतिशत के रूप में केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को अनुदान के रूप में दी गयी केन्द्रीय सहायता की राशि ने वर्ष 2007-08 से 2010-11 के वर्षों में बढ़ोत्तरी दर्ज की जब यह वर्ष 2007-08 में 0.82 *प्रतिशत* से वर्ष 2010-11 में 0.96 प्रतिशत तक हो गयी थी। तथापि, वर्ष 2011-12 में यह मामूली रूप से 0.93 *प्रतिशत* तक घटी थी।

इसके अतिरिक्त, पिछले पांच वर्षों के दौरान केन्द्रीय स्वायत्त को जारी केन्द्रीय सहायता का विश्लेषण करने से पता चला कि पाँच केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को अधिकतम अनुदान प्राप्त हुआ था।

वर्ष	सभी केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को कुल केन्द्रीय अनुदान (रू. करोड़ में)	केन्द्रीय स्वायत्त निकायों को केन्द्रीय अनुदान की राशि (₹ करोड़ में)									
		भा.कृ.अ.प.		वि.वि.अ.आ.		प्र.भा.		वै.औ.अ.प.		न.वि.स.	
		वार्षिक अनुदान	प्रतिशत*	वार्षिक अनुदान	प्रतिशत*	वार्षिक अनुदान	प्रतिशत*	वार्षिक अनुदान	प्रतिशत*	वार्षिक अनुदान	प्रतिशत*
2007-08	20057.54	2230.43	11.12	1836.34	9.16	1093.27	5.45	1863.70	9.29	1104.80	5.51
2008-09	28397.88	2870.47	10.11	2514.00	8.85	1218.94	4.29	2356.20	8.30	1549.87	5.46
2009-10	40495.41	3242.32	8.00	3195.91	7.89	1440.71	3.56	2666.44	6.58	1676.20	4.14
2010-11	44857.68	5296.70	11.81	3573.54	7.97	1586.23	3.54	2929.34	6.53	1655.40	3.69
2011-12	45805.03	4878.83	10.65	10136.00	22.13	1923.68	4.20	3139.30	6.85	1621.90	3.54
योग	**179612.54**	**18518.75**		**21255.79**		**7262.83**		**12954.98**		**7608.17**	

** सभी केन्द्रीय स्वायत्त निकाय को कुल केन्द्रीय सहायता के संदर्भ में निकाय को अनुदान की प्रतिशतता*

[1] स्रोत: विनियोग लेखे-संघ सरकार (सिविल) संबंधित वर्षों के लिए

भा.कृ.अ.प.– भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,

वि.वि.अ.आ.– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

प्र.भा.– प्रसार भारती,

वै.औ.अ.प.– वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद,


न.वि.स.– नवोदय विद्यालय समिति

तालिका से देखा जा सकता है कि उपर्युक्त पाँच केन्द्रीय स्वायत्त निकायों ने ही, 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष तक, पिछले पाँच वर्षो के दौरान अनुदान के रूप में प्राप्त केन्द्रीय सहायता के 37.64 *प्रतिशत* का लाभ उठाया था।

1.1.2 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों द्वारा लेखे की प्रस्तुतिकरण में विलंब

सदन के पटल पर रखे जाने वाले पत्रों की समिति ने अपने प्रथम प्रतिवेदन (5वीं लोक सभा) 1975-76 में सिफारिश की थी, कि लेखा वर्ष की समाप्ति के पश्चात्, प्रत्येक स्वायत्त निकाय को अपने लेखे, तीन माह की अवधि के अंदर पूर्ण कर लेने चाहिए और उन्हें लेखापरीक्षा हेतु उपलब्ध कराना चाहिए। लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं लेखापरीक्षित लेखे लेखा वर्ष की समाप्ति के नौ माह के अंदर संसद के समक्ष रखे जाने चाहिए।

वर्ष 2010-11 के लिए, 354 केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के लेखे की लेखापरीक्षा, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा की जानी थी। इनमें से केवल 155 स्वायत्त निकायों के लेखे लेखापरीक्षा हेतु वित्त वर्ष की समाप्ति के पश्चात् निर्धारित समय में उपलब्ध कराये गये थे। जबकि 181 स्वायत्त निकायों के लेखे, देय तिथि के बाद दिये गये थे, 18 स्वायत्त निकायों के लेखे दिसम्बर 2012 तक प्रस्तुत नहीं किये गये थे, जैसा कि निम्न चार्ट में दर्शाया गया है।



स्वायत्त निकायों जिनके लेखे तीन माह से अधिक विलम्बित थे तथा जिनके लेखे दिसम्बर 2012 तक प्राप्त नहीं हुए थे, के विवरण **परिशिष्ट–III** में दिये गये हैं।

1.1.3 लेखाओं के प्रस्तुतीकरण का बकाया

18 स्वायत्त निकायों ने अपने लेखे दो तथा छः वर्षो के मध्य तक प्रस्तुत नहीं किये थे **(परिशिष्ट-IV)।**

लेखापरीक्षा हेतु लेखे की प्रस्तुति नहीं करने के कारण, यह उचित आश्वासन प्रदान करना संभव नहीं होगा कि:

- अनुदानों का उपयोग अभिप्रेय प्रयोजन हेतु निर्धारित नियमों के अनुसार किया गया था;
- प्राप्तियों का ठीक से निर्धारण, उन्हें प्राप्त तथा लेखाबद्ध किया गया था;
- अधिशेष निधियों तथा अव्ययित शेषों के निवेश हेतु एक समुचित प्रणाली थी;
- देयताओं का सृजन वैधानिक था, तथा सभी ज्ञात देयताओं एवं हानियों की व्यवस्था की गयी थी;
- परिसंपत्तियां एवं अन्य संसाधन मौजूद थे; तथा
- लेखा अभिलेख सटीक एवं पूर्ण थे।

यह वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली के अभाव तथा इन स्वायत्त निकायों पर प्रभावी नियंत्रण के अभाव को दर्शायेगा।

अतः, स्वायत्त निकायों द्वारा लेखे की प्रस्तुति न करना, न केवल पटल पर प्रस्तुत प्रलेखों पर समिति के निर्देशों का उल्लंघन करता है, बल्कि जालसाजी एवं कुप्रबंधन की संभावना से भी भरा हुआ था।

1.2 संसद के दोनों सदनों के समक्ष केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के लेखापरीक्षित लेखाओं के प्रस्तुतिकरण में विलंब

सदन के पटल पर प्रस्तुत प्रलेखों पर समिति ने, अपने पहले प्रतिवेदन (1975-76) में, सिफारिश की थी कि स्वायत्त निकायों के लेखा परीक्षित लेखे संसद के समक्ष लेखांकन-वर्ष की समाप्ति के नौ माह के अंदर अर्थात आगामी वित्त वर्ष के 31 दिसम्बर तक प्रस्तुत किये जाएं।

31 मई 2013 को संसद के समक्ष लेखापरीक्षित लेखाओं की प्रस्तुति की स्थिति इस प्रकार हैः

लेखे का वर्ष	निकायों की कुल संख्या जिनके लिए लेखापरीक्षित लेखे दिये गये थे, लेकिन संसद के समक्ष समय पर प्रस्तुत नहीं किये गये	देय तिथि के पश्चात प्रस्तुत लेखापरीक्षित लेखाओं की कुल संख्या
2010-11	18*	323**
2011-12	148	-

* 2009-10, के 5 मामले सम्मिलित हैं। ** 2009-10 के 175 मामले सम्मिलित हैं।

इस प्रकार यह देखा जा सकता है कि एक बड़ी संख्या में लेखापरीक्षित लेखे संसद के समक्ष निर्धारित समय में प्रस्तुत नहीं किये गये थे।

स्वायत्त निकायों के नाम, जिनके लेखापरीक्षित लेखे संसद में प्रस्तुत नहीं किये अथवा देय तिथि के पश्चात प्रस्तुत किये गये, **परिशिष्ट- V** तथा **परिशिष्ट- VI** में शामिल हैं।

1.3 उपयोग प्रमाण पत्र

सामान्य वित्तीय नियमावली के अनुसार, वैधानिक निकायों/संगठनों को दिये गए अनुदानों के संबंध में, वित्त वर्ष की समाप्ति से 12 माह के अंदर संबंधित निकायों/संगठनों द्वारा उपयोग प्रमाण-पत्र देना आवश्यक है। मार्च 2011 तक दिये गये अनुदानों के संबंध में ₹ 20086.00 करोड़ की राशि के 44713 बकाया उपयोग प्रमाण-पत्रों की कुल संख्या को दर्शाते हुए मार्च 2012 तक देय (वित्त वर्ष जिसमें अनुदान दिये गये, के 12 माह के बाद) मंत्रालय/विभाग-वार विवरण **परिशिष्ट- VII** में दिये गये हैं। सत्रह मंत्रालयों[2] ने बकाया उपयोग प्रमाण पत्रों की सूचना उपलब्ध नहीं करायी थी।

मार्च 2012 को 10 प्रमुख मंत्रालयों/विभागों से संबंधित बकाया उपयोग प्रमाण पत्र की स्थिति नीचे दी गई है:

31 मार्च 2012 को बकाया उपयोग प्रमाण-पत्र

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग	मार्च 2011 को समाप्त अवधि हेतु	
		संख्या	राशि
1.	विद्यालयी शिक्षा एवं साक्षरता	1369	5285.35
2.	कृषि	1085	3607.80
3.	ग्रामीण विकास	1439	2795.33
4.	उच्च शिक्षा	2328	1131.75
5.	सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण	9792	996.50
6.	पंचायती राज	248	775.32
7.	खेल	2183	623.10
8.	आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन	246	578.81
9.	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग	2950	499.39
10.	शहरी विकास	204	437.95
कुल		**21844**	**16731.30**

[2] नागरिक उड्डयन मंत्रालय, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, संसदीय मामले मंत्रालय, योजना मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय, गृह मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय, जल संसाधन मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भू-गर्भ विज्ञान मंत्रालय, कोयला मंत्रालय, पेय जल एवं स्वास्थ्य सुरक्षा मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय तथा पर्यटन मंत्रालय।

1. 4 प्रमाणीकरण लेखापरीक्षा के परिणाम

नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियाँ तथा सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19(2) तथा 20(1) के अंतर्गत लेखापरीक्षित प्रत्येक स्वायत्त निकाय हेतु पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन, प्रमाणित संबंधित मंत्रालयों द्वारा संसद में प्रस्तुत लेखे के साथ संलग्न करके किए जाने अपेक्षित हैं। संबंधित केन्द्रीय स्वायत्त निकायों/मंत्रालयों को दी गयी कुछ महत्वपूर्ण टिप्पणियां नीचे दी गयी हैं:

1.4.1 सामान्य टिप्पणियां

(क) वर्ष 2011-12 के लिए, 94 स्वायत्त निकायों की आंतरिक लेखापरीक्षा नहीं की गयी थी (**अनुबंध-I**)

(ख) 2011-12 के दौरान 100 स्वायत्त निकायों की स्थायी परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था। (**अनुबंध-II)**

(ग) 2011-12 के दौरान 90 स्वायत्त निकायों की वस्तु-सूचियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया था।(**अनुबंध-III)**

(घ) 27 स्वायत्त निकायों ने वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित निवेश पैटर्न के अनुसार भविष्य निधि शेषों का निवेश नहीं किया था। **(अनुबंध-IV)**

(ड.) 51 स्वायत्त निकाय प्राप्ति/रोकड़ आधार पर अनुदानों की गणना कर रहे हैं, जो वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित लेखा के सामान्य प्रारूप के साथ संगत नहीं है **(अनुबंध-V)**

(च) 102 स्वायत्त निकायों ने ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवा-निवृत्ति लाभों की गणना बीमांकित मूल्यांकन के आधार पर नहीं की। **(अनुबंध-VI)**

(छ) 23 स्वायत्त निकायों द्वारा स्थायी परिसंपत्तियों पर मूल्य-ह्रास नहीं दिया गया था।(**अनुबंध-VII)**

(ज) 18 स्वायत्त निकायों ने लेखापरीक्षा के परिणाम के रूप में अपने लेखाओं को संशोधित किया है।(**अनुबंध-VIII)**

1.4.2 प्रत्येक केन्द्रीय स्वायत्त निकायों के लेखे पर उल्लेखनीय अभ्युक्तियाँ

(1) जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास

i) निधियों का उपयोग

कार्याधीन पूंजीगत कार्य - ₹ 86.95 करोड़

क) इसमें ₹ 102.85 करोड़ की कीमत पर खरीदे गये आर.एम.क्यू.सी. क्रेनों के अंतिम बिल के प्रति ₹ 25.53 करोड़ राशि का बकाया सम्मिलित है। चूँकि, क्रेनें सितम्बर, 2011 में उपयोग में लानी शुरू की गयी थीं, उपरोक्त राशि को पूंजी के रूप में नहीं मानने के परिणामस्वरूप कार्याधीन पूंजीगत कार्य को अधिक बताया गया तथा ₹ 25.53 करोड़ तक की स्थायी परिसंपत्तियों को कम बताया गया। इसके अतिरिक्त, मूल्यह्रास को भी ₹ 1.28 करोड़ कम बताने के परिणामस्वरूप उतने ही परिणाम का लाभ अधिक बताया गया।

ख) इसमें ₹ 7.02 करोड़ (राजस्व प्रकृति के व्ययों के प्रति ₹ 1.93 करोड़ तथा एक आर. एम. क्यू. सी. के अधिग्रहण से संबंधित एक आपूर्तिकर्ता को अग्रिम के प्रति ₹ 5.08 करोड़) शामिल है, जिसे राजस्व पर/प्रभारित चालू परिसंपत्तियों, ऋणों तथा अग्रिमों में हस्तांतरित किया जाना चाहिए था। अतः, कार्याधीन पूंजीगत कार्य को ₹ 7.02 करोड़ अधिक बताया गया। इसी के अनुरूप, लाभ ₹ 1.93 करोड़ अधिक बताया गया था और चालू परिसंपत्तियों, ऋणों एवं अग्रिमों को ₹ 5.09 करोड़ कम बताया गया।

ii) वर्तमान देयताएं - विविध लेनदार

सेवा-निवृत्ति लाभ हेतु लेनदार ₹ 27.44 करोड़

बीमांकित मूल्यांकन के अनुसार, पेंशन निधि, ग्रेच्युटी निधि तथा अवकाश नकदीकरण निधि से संबंधित कुल देयता 31.03.2012 को ₹ 473.18 करोड़ थी। बीमांकित मूल्यांकन के अनुसार वर्ष के दौरान ₹ 162.20 करोड़ तक की अनिधिक देयता लेखा मानक 15 के गैर अनुपालन में प्रदान नहीं करने के परिणामस्वरूप, कर्मचारी सेवा निवृत्ति लाभों के प्रावधान को कम बताया गया तथा लाभ को ₹ 162.20 करोड़ अधिक बताया गया।

(2) कांडला पत्तन न्याय

वर्तमान देयताएं तथा प्रावधान

पेंशन निधि

भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किये गये पेंशन निधि के बीमांकित मूल्यांकन के अनुसार, पेंशन निधि आवश्यकता ₹ 551.00 करोड़ थी, जबकि उपलब्ध निधि ₹ 396.57 करोड़ थी, जो ₹ 154.43 करोड़ की कमी में परिणत हुआ था। वर्ष के दौरान कांडला पत्तन न्यास ने निधि में ₹ 54.39 करोड़ का अंशदान किया और अर्जित ब्याज ₹ 38.08 करोड़ था। तथापि, ₹ 61.96 करोड़ की शेष राशि हेतु कोई प्रावधान नहीं किया गया था, जो लेखा मानक 15 के अनुपालन में नहीं था। परिणामस्वरूप, चालू

देयताएं पेंशन निधि को कम बताया गया तथा कर पूर्व लाभ को ₹ 61.96 करोड़ अधिक बताया गया।

(3) मोरमुगाव पत्तन न्यास

लाभ एवं हानि लेखा

वित्तीय एवं विविध व्यय

(क) पेंशन न्यास निधि में अंशदान- ₹ 26.50 करोड़

बीमांकित मूल्यांकन के अनुसार 31 मार्च 2012 को पेंशन निधि में अंशदान के प्रति देयता ₹ 680.98 करोड़ थी, जिसके प्रति उस तिथि को पेंशन निधि में उपलब्ध शेष ₹ 365.67 करोड़ था, जो ₹ 315.31 करोड़ की कम प्रावधान में परिणत हुआ। इस प्रकार, वर्ष में अधिशेष को ₹ 315.31 करोड़ अधिक बताया गया।

(ख) ग्रेच्युटी न्यास निधि में अंशदान- ₹ 10 करोड़

बीमांकित मूल्यांकन के अनुसार, 31 मार्च 2012 को ग्रेच्युटी निधि में अंशदान के प्रति देयता ₹ 89.37 करोड़ थी, जिसके विपरीत उस तिथि को ग्रेच्युटी निधि में उपलब्ध शेष ₹ 51.70 करोड़ था, जो ₹ 37.67 करोड़ की कम प्रावधान में परिणत हुआ। इस प्रकार, वर्ष के लिए अधिशेष को ₹ 37.67 करोड़ अधिक बताया गया।

(ग) अर्जित अवकाश प्रावधान- ₹ 4 करोड़

बीमांकित मूल्यांकन के अनुसार, 31 मार्च 2012 को अवकाश नकदीकरण निधि में अंशदान के प्रति देयता ₹ 22.92 करोड़ थी, जिसके विपरीत उस तिथि को अवकाश नकदीकरण निधि में उपलब्ध शेष ₹ 19.30 करोड़ था, जो ₹ 3.62 करोड़ की कम प्रावधान में परिणत हुआ। इस प्रकार वर्ष के लिए ₹ 3.62 करोड़ अधिशेष को अधिक बताया गया।

(4) मुम्बई पत्तन न्याय

परिचालन आय ₹ 1023.05 करोड़

मुंबई पत्तन न्यास (मुं.प.न्या.) ने 08.02.2012 से 07.02.2012 तक 30 वर्षो की अवधि हेतु एक जमीन के टुकड़े के लीज के प्रति सीमा शुल्क विभाग से ₹ 16.64 करोड़ (मई, 2010 में ₹ 0.56 करोड़ तथा जनवरी 2012 में ₹ 16.08 करोड़) का अग्रिम प्रीमियम प्राप्त किया। मु.प.न्या. ने ₹ 16.64 करोड़ की संपूर्ण धनराशि को परिचालन आय के रूप मे दर्ज किया था। चूँकि अग्रिम प्रीमियम का लाभ 30 वर्षों के लिए था, केवल एक प्रीमियम 08.02.2012 से 31.03.2012 (0.8 करोड़) को ही आम के रूप में दर्ज किया जाना था। चूँकि, संपूर्ण अग्रिम प्रीमियम परिचालन आय के रूप में

दर्ज किया गया था, परिचालन आय को ₹ 16.56 करोड़ अधिक बताया गया और चालू देयताएं उतनी ही धनराशि से कम बतायी गयीं।

(5) खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग

उद्दिष्ट/अक्षय निधियाँ - ₹ 307.55 करोड़

अक्षय निधि शेष ₹ 30.64 करोड़, इन कारणों से कम बतायी गयी:

(क) 2011-12 के दौरान अव्ययित/अस्थायी रूप से बैंकों में रखी गयी अक्षय निधि पर अर्जित ₹ 29.91 करोड़ के ब्याज से हुए आय को अक्षय निधि में जमा करने की बजाय आयोग की आय के रूप में माना।

(ख) 2011-12 के दौरान अव्ययित/अस्थायी रूप से बैंकों में रखे गये अक्षय निधि शेषों से अर्जित ₹ 0.73 करोड़ के ब्याज की आय को लेखाबद्ध नहीं करना।

(6) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड

स्थायी परिसम्पत्तियाँ

वाहन (कुल ब्लॉक) - ₹ 3.01 करोड़

भा.प्र.वि.बो. ने ₹ 0.81 करोड़ मूल्य के सात वाहनों का पूंजीकरण नहीं किया, जिन्हें वर्ष के दौरान खरीदा और उपयोग में लाया गया था। इसके फलस्वरूप स्थायी परिसम्पत्तियों-वाहनों को कम और ऋणों तथा अग्रिमों को ₹ 0.81 करोड़ से अधिक बताया गया। परिणामस्वरूप, वर्ष हेतु मूल्यह्रास को भी ₹ 0.02 करोड़ कम बताया गया तथा वर्ष हेतु अधिशेष को भी उतनी ही राशि से अधिक बताया गया।

(7) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नियोजन बोर्ड, नई दिल्ली

अन्य चालू देयताएं - ₹ 0.39 करोड़

उपरोक्त में, मैसर्स दिल्ली इंटिग्रेटेड मल्टी-मोडल ट्रांजिट सिस्टम लि. द्वारा फरवरी/मार्च 2012 के दौरान एक व्यवहार्यता प्रतिवेदन तैयार करने के लिए परामर्श शुल्क के भुगतान हेतु बीजकों के प्रति ₹ 3.66 करोड़ की राशि शामिल नहीं है। उपरोक्त भुगतान के लिए, कार्य बल की परामर्श समीक्षा समिति (प.स.स.)/उप-समिति द्वारा इसकी फरवरी/मार्च, 2012 में आयोजित बैठक में अनुशंसा किये जाने के बावजूद, ₹ 3.66 करोड़ की देयता, लेखे में दर्ज नहीं की गयी थी। इसके परिणामरस्वरूप अन्य चालू देयताओं को ₹ 3.66 करोड़ से कम बताया गया, आर.आर.टी.एस. हेतु प्राप्ति योग्य अनुदान को ₹ 2.70 करोड़ से कम बताया गया और उद्दिष्ट/अक्षय निधि को ₹ 0.96 करोड़ से अधिक बताया गया था।

(8) भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद, नई दिल्ली

स्थायी परिसंपत्तियाँ - ₹ 0.13 करोड़

उपर्युक्त में ह.श.वि.प्रा. द्वारा नि.नि.प. को आवंटित ₹ 7.08 करोड़ राशि की भूमि, जिसके लिए अनुमति वाणिज्य मंत्रालय द्वारा अलग से ली गयी थी, का मूल्य सम्मिलित नहीं है। इसके शामिल नहीं होने के कारण कुल संपत्तियों एवं पूँजी आरक्षण को ₹ 7.08 करोड़ से कम बताया गया।

(9) कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, नई दिल्ली।

स्थायी परिसंपत्तियाँ - ₹ 11.29 करोड़

उपर्युक्त में, गुवाहाटी कार्यालय भवन के अधिग्रहण हेतु अदा राशि के प्रति ₹ 2.51 करोड़ शामिल है। चूंकि, कब्जा देने और भवन के मंजिल बेचने के लिए अनुबंध, 27 अप्रैल 2012, अर्थात वित्त वर्ष 2012-13 में किया गया था, उपर्युक्त कार्यालय भवन के लिए अदा धनराशि को लेखे में अग्रिम के रूप में दर्शाया जाना चाहिए था। इसके परिणामस्वरूप स्थायी परिसंपत्तियों (निवल संपत्ति) को ₹ 2.26 करोड़ अधिक बताया तथा अग्रिम को ₹ 2.51 करोड़ को कम बताया गया। परिणामस्वरूप, वर्ष हेतु मूल्य ह्रास की ₹ 0.25 करोड़ अधिक बताया गया तथा उसी हद तक व्यय पर आय की अधिकता कम बताई गयी।

(10) राष्ट्रीय मोटर वाहन परीक्षण तथा अ. एवं वि. अवसंरचना परियोजना कार्यान्वयन सोसाइटी, नई दिल्ली

चालू देयताएं तथा प्रावधान - ₹ 83.49 करोड़

उपर्युक्त में, ₹ 1.65 करोड़ को विद्युत प्रभारों, मरम्मत एवं अनुरक्षण, परियोजना प्रबंधन सेवाओं तथा अन्य देय धनराशि की व्यवस्था न होने के कारण कम बताया गया और इसके साथ ही उतनी राशि तक व्यय पर आय अधिकता को अधिक बताया गया।

(11) राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली

स्थायी परिसंपत्तियाँ - ₹ 166.09 करोड़

उपर्युक्त में, तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा रा.फै.प्रौ.सं. को आबंटित थिरूवांमियुर स्थित भूमि (अभी कीमत निर्धारित नहीं हुई, यद्यपि अप्रैल 1999 में आबंटित) तथा ग्यूंडी तालुक में तीन एकड़ के माप की भूमि (₹ 17.47 करोड़ मूल्य की) शामिल नहीं है। प्रबंधन के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा ये जमीनें रा.फै.प्रो.सं. को मुफ्त में दी गयी थीं। भूमि को स्थायी परिसंपत्ति अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए था, लेखांकन मानक 12 के अनुसार समुचित रूप से कीमत लगानी चाहिए थी और इस संबंध में तथ्यात्मक

स्थिति, रा.फै.प्रौ.सं. के लेखांकन नीति के साथ लेखाओं में उद्घाटित की जानी चाहिए थी।

(12) पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, नई दिल्ली

चालू देयताएं तथा प्रावधान

अन्य देय - किरायाः रू. 4.83 करोड़

उपर्युक्त में, भा.ते.नि.लि. द्वारा मांगे गये किराया के अंतर धनराशि (पे.प्रा.गै.वि.बो. के साथ दिनांक 14.07.2008 के समझौता ज्ञापन के अनुसार) होने के कारण ₹ 5.36 करोड़ (वर्ष 2011-12 हेतु ₹ 1.05 करोड़ सहित) तथा पे.प्रा.गै.वि.बो. द्वारा भा.ते.नि.लि. को अक्तूबर 2008 से मार्च 2012 की अवधि हेतु दिया जाने वाला किराया (एक अन्य किरायेदार मैसर्स पेट्रोनेट त.प्रा.गै. लिमिटेड द्वारा दिये जा रहे किराये के समान दर पर) को सम्मिलित नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप, अधिशेष को ₹ 5.36 करोड़ अधिक बताया गया साथ ही चालू देयताओं को कम बताया गया।

(13) वस्त्र समिति, मुंबई

i) वेतन एवं पारिश्रमिक हेतु प्रावधान - ₹ 1.76 करोड़

उपर्युक्त में ₹ 1.32 करोड़, वस्त्र समिति के कर्मचारियों के लिए, वस्त्र मंत्रालय द्वारा जनवरी 2011 में यथोचित रूप से अनुमोदित तथा 1 सितंबर 2008 से प्रभावी संशोधित आश्वासित कैरियर प्रगति योजना के प्रति देयता होने के कारण, शामिल नहीं है। सं.आ.कै.प्र. व्यय का प्रावधान नहीं होने के फलस्वरूप चालू देयताओं एवं प्रावधान को कम बताया गया तथा अधिशेष को ₹ 1.32 करोड़ अधिक बताया गया।

ii) चालू परिसंपत्तियां, ऋण तथा अग्रिम - ₹ 65.71 करोड़

ओटाई एवं दाब इकाइयों के आकलन तथा क्रम निर्धारण - ₹ 1.22 लाख

उपर्युक्त में, ₹ 22.57 लाख, प्रोद्भूत ब्याज होने परंतु कपास ओटाई तथा प्रसंस्करण फैक्ट्रियों के आकलन एवं क्रमस्थापन से संबंधित निधि से किये गये ₹ 3 करोड़ के सावधि जमा पर देय न होने के कारण शामिल नहीं है। इसके परिणामस्वरूप चालू परिसंपत्तियों, ऋणों तथा अग्रिमों को ₹ 22.57 लाख से कम बताया गया तथा उद्दिष्ट निधि को उसी राशि तक कम बताया गया।

(14) कोलकाता पत्तन न्यास, कोलकाता

i) स्थायी/पूंजीगत परिसंपत्तियाँ - ₹ 992.61 करोड़

(क) ₹ 20.43 करोड़ मूल्य की परिसंपत्तियाँ, 2006-07 से 2010-11 की अवधि के दौरान उपयोग में लायी गयी थीं, 2011-12 के दौरान पूंजीकरण किया गया और मूल्यह्रास तदनुसार उपलब्ध कराया गया था। उपर्युक्त परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास उनके उपयोग की संबंधित तिथि के पूर्वव्यापी प्रभाव से प्रदान किया जाना चाहिए था। इसके परिणामस्वरूप पूर्व के वर्षो हेतु मूल्यह्रास के प्रावधान के ₹ 1.99 करोड़ कम बताए गए तथा उतनी ही राशि के लाभ अधिक बताए गए।

(ख) लघु मरम्मत तथा प्रतिस्थापन कार्य के प्रति ₹ 3.10 करोड़ की राशि के किये गये व्यय को वर्ष के दौरान उसे मरम्मत और अनुरक्षण व्यय के रूप में प्रभारित करने की बजाय इसका पूंजीकरण किया गया था। इसके परिणामस्वरूप कुल संपत्ति को ₹ 3.10 करोड़ से, मूल्यह्रास प्रावधान को ₹ 0.12 करोड़ तथा लाभ को ₹ 2.98 करोड़ अधिक बताया गया।

ii) चालू देयताएं तथा प्रावधान - ₹ 2163.04 करोड़

(क) कोलकाता पत्तन न्यास (को.प.न्या) बोर्ड. द्वारा यह निश्चित किया गया (जून 2004) था कि को.प.न्या. अधिवर्षिता निधि को इसके निवेशों की परिपक्वता तक जारी रखा जाएगा और उसके बाद जी.बी.नि. के साथ सेवा निवृत्ति एवं ग्रेच्युटी निधि के न्यासियों को ब्याज के साथ हस्तांतरित कर दिया जाएगा। उपर्युक्त के प्रति, आंतरिक रूप से अनुरक्षित निधि के समक्ष कुल निवेश 31.03.2012 को ₹ 278.82 करोड़ था। 2011-12 के दौरान ₹ 219.11 करोड़ राशि के निवेश परिपक्व हो चुके थे, जिसमें से ₹ 212.86 करोड़ को पुनः निवेशित किया गया और ₹ 6.25 करोड़ की शेष राशि को निधि में रखे रहने की बजाय लाभ एवं हानि लेखे में हस्तांतरित कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त, ऐसे निवेशों पर ₹ 3.12 करोड़ के ब्याज से आय को उपर्युक्त निधि में हस्तातंरित करने की बजाय, को.प.न्या. के लाभ के रूप में मान्यता दी गयी। इसके परिणामस्वरूप आन्तरिक रूप से अनुरक्षित निधि (को.प.न्या. के अधिवार्षिता निधि) के ₹ 9.37 करोड़ (₹ 6.25 करोड़ + ₹ 3.12 करोड़) कम बताये और लाभ केस उतनी राशि तक अधिक बताया गया।

(ख) 01.04.2004 को या उसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को संराशीकरण तथा उपदान/मृत्यु उपदान का भुगतान सीधे को.प.न्या. द्वारा किया जाता है और इसे भा.जी.बी.नि. द्वारा नियमित रूप से प्रतिपूरित किया जाता है। यद्यपि यह पाया गया कि 2011-12 के दौरान उपदान/मृत्यु उपदान की भा.जी.बी. से कम वसूली होने के कारण इसे भा.जी.बी.नि. से वसूली योग्य चालू परिसम्पति में न दर्शाकर अतिरिक्त रूप से अनुरक्षित अधिवार्षिता निधि में से ₹ 1.26 करोड़ घटाए गए। इसके परिणामस्वरूप् आंतरिक रूप से अनुरक्षित निधि (को.प.न्या. अधिवर्षिता निधि) और चालू परिसंपत्तियाँ दोनों को ₹ 1.26 करोड़ कम बताया गया।

(ग) 2.12.2011 के भा.स. (नौवहन मंत्रालय-पत्तन स्कंध) के निर्देशों के अनुसार लाभ कमानेवाले प्रमुख पत्तन न्यासों को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (नि.सा.उ.) के प्रति एक निधि का सृजन करना चाहिए तदनुसार ₹ 100 करोड़ से कम लाभ कमाने वाले पत्तनों को पिछले वर्ष के शुद्ध लाभ में तीन से पाँच *प्रतिशत* की निधि का निर्माण सृजन करना होता है। वर्ष 2010-11 में कोलकाता पत्तन न्यास का निवल लाभ ₹ 70 करोड़ था। यद्यपि यह पाया गया कि को.प.न्या. द्वारा नि.सा.उ. गतिविधियों हेतु कोई निधि सृजित नहीं की गई। इस प्रकार, वर्ष का लाभ ₹ 2.10 करोड़ (₹ 70 करोड़ का 3 प्रतिशत) अधिक दर्शाया गया और साथ ही उतनी ही राशि का प्रावधान कम दिखाया गया।

(15) कोलकाता डॉक श्रमिक बोर्ड, कोलकाता

कोलकाता डॉक श्रमिक बोर्ड, कोलकाता (को.डॉ.श्र.बों.) अपने सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को ₹ 262.06 करोड़[3] (31.03.2012 तक) की बकाया पेंशन और अन्य देयताओं का भुगतान नहीं कर सका है। क.डॉ.श्र.बो. के 58 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी सेवानिवृत्ति देयाताओं का दावा करते हुए कोलकाता उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया। माननीय उच्च न्यायालय ने क.डॉ.श्र.बो. को उनके बकाया सेवानिवृत्ति देयताओं का ब्याज और कानूनी लागत सहित भुगतान का आदेश दिया। 2011-12 में क.डॉ.श्र.बो. ने 58 सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु पेंशन तथ अन्य देयताओं के लिए ₹ 1.71 करोड़ की धनराशि प्रदान की जबकि यह ₹ 262.06 करोड़ के प्रावधान में पहले से सम्मिलित था। यद्यपि, ऐसे 58 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देय ₹ 0.20 करोड़ के ब्याज व कानूनी लागत के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। इस प्रकार, सेवानिवृत्त

[3] 31.03.2012 तक सेवानिचृत्त कर्मचारियों की बकाया देयताओं में बकाया पेशन लाभ (₹ 240.13 करोड़), अवकाश नकदीकरण (₹ 8.53 करोड़) और चिकित्सा भत्ता (₹ 13.40) करोड़ सम्मिलित हैं।

कर्मचारियों की देयताओं के प्रति ₹ 1.51 करोड़ (₹ 1.71 करोड़ - ₹ 0.20 करोड़) का अधिक प्रावधान किया गया। उपरोक्त के परिणामस्वरूप 'आय पर व्यय की अधिकता' को ₹ 1.51 करोड़ अधिक भी दर्शाया गया।

(16) पाराद्वीप पत्तन न्यास

i) चालू परिसम्पत्तियाँ, ऋण और अग्रिम (अनुसूची-5) -₹ 1879.27 करोड़

पाराद्वीप में मत्स्य पालन बंदरगाह परियोजना 1998-99 में ₹ 41.18 करोड़ की लागत में बनाई गई जिसके लिए कृषि मंत्रालय, भारत सरकार (भा.स.) से ₹ 38.02 करोड़ का पूंजीगत अनुदान प्राप्त हुआ था। ₹ 3.16 करोड़ की अधिशेष लागत का निधीयन पाराद्वीप पत्तन न्यास ने किया। भा.स. ने निर्धारित किया कि मत्स्य पालन बंदरगाह का प्रबंधन पा.प.न्या. द्वारा किया जाएगा और इस पर किया गया व्यय ऐसे बंदरगाह के संचालन से उत्पन्न होने वाली आय से पूर्ण किया जाएगा। अन्ततः मत्स्य पालन बंदरगाह को उड़ीसा सरकार को सितम्बर 2011 में पट्टे पर सौंप दिया गया। 2000-01 से 2011-12 में संचालन प्रारंभ होने से लेकर पा.प.न्या. द्वारा किया गया राजस्व व्यय ₹ 4.70 करोड़ अधिक था जिसे भा.स. से प्राप्य के रूप में दर्शाया गया। पा.प.न्या. ₹ 7.90 करोड़ के पूंजीगत व राजस्व व्यय दोनों की प्रतिपूर्ति हेतु भा.स. के पास गई। यद्यपि चार वर्ष बीत जाने के बाद भी भा.स. से इसके लिए कोई सहायता/आश्वासन नहीं मिला। अतः पा.प.न्या. ने पूंजीगत व्यय (₹ 3.16 करोड़) को राजस्व व्यय पर प्रभारित कर दिया है। तथापि, खाता बहियों में राजस्व व्यय (₹ 4.70 करोड़) के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप प्राप्यों तथा निवल अधिशेष दोनों को ₹ 4.70 करोड़ अधिक दर्शाया गया है।

ii) चालू देयताएं और प्रावधान (अनुसूची 6) ₹ 1318.57 करोड़

पाराद्वीप पत्तन न्यास ने पूंजीगत परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 1967 से 2002 के दौरान भा.स. से सब्याज ऋण लिए। चूंकि ऋण चुकाने में विलम्ब हुए, इसलिए भा.स. ने ₹ 672.41 करोड़ के दण्डात्मक ब्याज का दावा किया जिसके प्रति पा.प.न्या. ने अपनी लेखा बहियों में ₹ 229.97 करोड़ का ही प्रावधान किया। दण्डात्मक ब्याज की सम्पूर्ण धनराशि माफ करने हेतु पा.प.न्या. के अनुरोध को भा.स. ने स्वीकार नहीं किया। (फरवरी 2012)। अतः, भा.स. के ऋण पर ब्याज के प्रावधान को ₹ 442.44 करोड़ कम दर्शाया गया है और इतना ही निवल अधिशेष को अधिक दर्शाया गया है।

iii) सम्पदा किराया (अनुसूची-10) -₹ 23.92 करोड़

पा.प.न्या. ने पत्तन भूमि पर पाईप लाईन बिछाने हेतु मार्ग अधिकार प्रदान करने हेतु लाइसेंस शुल्क के लिए जमा के रूप में इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड से

₹ 3.14 करोड़ प्राप्त किए और इसे संपदा किराए से आय के रूप में दर्ज किया गया। पा.प.न्या. की भूमि आबंटन समिति के निर्णयानुसार लाइसेंस शुल्क कार्यस्थल पर सामान के लदान की तिथि से लागू होनी थी। यद्यपि मार्च 2012 तक कार्यस्थल आबंटित नहीं किया गया और कार्यस्थल पर सामान नहीं लादा गया और इसलिए वर्ष 2011-12 के लिए लाइसेंस शुल्क प्राद्भावित नहीं होता। इसके परिणामस्वरूप आय (संपदा किराया) को ₹ 3.14 करोड़ अधिक दर्शाया गया और अन्य (वर्तमान देयताएँ) से जमा को इतना ही कम दर्शाया गया।

iv) नौ परिवहन हेतु पत्तन और डॉक सुविधाएं (पाईलट सुविधा सहित) (अनुसूची 12) - ₹ 89.97 करोड़

मूल्यह्रास- ₹ 7.55 करोड़

प्लवमान यान पर मूल्यह्रास पोतपरिवहन मंत्रालय, भा.स. के मानकों की अवमानना करते हुए 5 *प्रतिशत* प्रतिवर्ष (प्र.व.) के बजाय 25 *प्रतिशत* की दर पर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप मूल्यह्रास ₹ 3.51 करोड़ (गत वर्ष के ₹ 1.85 करोड़ सहित) अधिक दर्शाया गया और निवल अधिशेष ₹ 3.51 करोड़ कम दर्शाया गया।

v) वित्त तथा विविध आय (अनुसूची 16) - ₹ 170.46 करोड़

भविष्य निधि खातों में निवेश से अर्जित ₹ 0.80 करोड़ की ब्याज आय को भविष्य निधि खाते के प्रति देयता में दर्शाने के बजाय इसे पा.प.न्या. की अपनी आय के रूप में दिखाया गया। इसके परिणामस्वरूप निवल अधिशेष (वित्त और विविध आय) ₹ 0.80 करोड़ अधिक दर्शाया गया और चालू देयताओं को इतना ही कम दर्शाया गया।

vi) वित्त तथा विविध व्यय (अनुसूची-17) - ₹ 59.13 करोड़

भा.स. (पोतपरिवहन मंत्रालय-पत्तन स्कंध) के दिनांक 2.12.2011 के निर्देशों के अनुसार लाभ कमाने वाले प्रमुख पत्तन न्यासों को निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (नि.सा.उ.) के प्रति एक निधि का सृजन करना होता है। तदनुसार जो न्यास ₹ 100 करोड़ से ₹ 500 करोड़ की सीमा में लाभ कमाते हैं, उन्हें गत वर्ष के निवल लाभ 2 से 3 प्रतिशत की निधि का सृजन करना होता है, जो ₹ 3 करोड़ से कम न हो। वर्ष 2010-11 के लिए पाराद्वीप पत्तन न्यास का निवल लाभ ₹ 272.03 करोड़ और इसलिए वर्ष 2011-12 के दौरान ₹ 5.44 करोड़ (₹ 272.03 करोड का 2 प्रतिशत)की सीमा तक नि.सा.उ. निधि हेतु प्रावधान किया जाना था। जबकि पा.प.न्या. ने ऐसी निधि के प्रति मात्र ₹ 4.50 करोड़ की धनराशि प्रदान की है। इसके परिणामस्वरूप नि.सा.उ. निधि हेतु प्रावधान को ₹ 0.94 करोड़ कम और निवल अधिशेष को इतना ही अधिक दर्शाया गया है।

vii) लेखा टिप्पणियों की मद सं. 19 (च) के साथ पठित पेंशन योगदान ₹ 40 करोड़ (अनुसूची 19)

रतीय जीवन बीमा निगम (भा.जी.बी.नि.) द्वारा किए गए बीमांकित मूल्यांकन के अनुसार 01.04.2012 को कर्मचारियों की पेंशन निधि के प्रति संस्तुत देयता ₹ 451 करोड़ थी। पा.प.न्या. एक पृथक पेशन निधि रखता है, जिसमें निधि शेष 31.03.2012 को ₹ 373.77 करोड़ था। यद्यपि पेंशन निधि में ₹ 77.23 करोड़ के घाटे हेतु लेखा बहियों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। यह पाराद्वीप पत्तन न्यास द्वारा घोषित लेखा नीति सं. 19 (च) का उल्लंघन करता है और इसके परिणामस्वरूप पेशन अंशदान हेतु प्रावधान ₹ 77.23 करोड़ कम और निवल अधिशेष इतना ही अधिक दर्शाया गया।

viii) समूह उपदान योजना

भा.जी.बी.नि. द्वारा किए गए बीमांकन मूल्यांकन के अनुसार पा.प.न्या. की समूह उपदान योजना के प्रति देयता 31.03.2012 को ₹ 100.06 करोड़ थी। इस तिथि को भा.जी.बी.नि. के पास रखा उपदान निधि अधिशेष ₹ 75.58 करोड़ था। तथापि न ही भा.जी.बी.नि. को कोई भुगतान किया गया था और न ही भा.जी.बी.नि. को देय उपदान निधि में कमी के प्रति ₹ 24.48 करोड़ के लिए वार्षिक लेखाओं में कोई प्रावधान किया गया था। इसके परिणामस्वरूप उपदान अंशदान हेतु प्रावधान ₹ 24.48 करोड़ कम और साथ ही निवल अधिशेष को इतना ही अधिक दर्शाया गया।

(17) राष्ट्रीय जूट बोर्ड

देयताएँ

राष्ट्रीय जूट बोर्ड (रा.जू.बो.) जूट प्रौद्योगिकी मिशनों (जू.प्रौ.मि.) की विभिन्न परियोजनाओं के प्रति भा.स. से निधियाँ प्राप्त करता है जिनका लेखा-जोखा जू.प्रौ.मि. योजना निधि के अंतर्गत किया जाता है। रा.जू.बो. को 2010-11 से 2011-12 की अवधि में जू.प्रौ.मि. योजना निधि की जमाओं पर ₹ 1.77 करोड़ का ब्याज मिला और इसे उस वर्ष की जू.प्रौ.मि. योजना निधि का भाग मानने के बजाय रा.जू.बो. की आय के रूप में विचार किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय जूट बोर्ड के व्यय पर आय की अधिकता को ₹ 1.02 करोड़ और जूट बोर्ड निधि को ₹ 0.75 करोड़ अधिक दर्शाया गया। जू.प्रौ.मि. निधि को भी ₹ 1.77 करोड़ कम दर्शाया गया।

(18) चाय बोर्ड, कोलकाता

i) परिसम्पतियाँ

(क) चाय बोर्ड द्वारा हार्ड वेयर तथा सॉफ्टवेयर पर किया गया कुल व्यय (ई.-नीलामी प्रणाली के विकास हेतु) 31 मार्च 2012 को ₹ 1317.35 लाख (₹ 682.02 लाख + ₹ 635.33 लाख) था। इसमें से ₹ 211.78 लाख 2011-12 में अदा किए गए और इसे राजस्व व्यय मानते हुए वित्त वर्ष 2011-12 के आय व व्यय लेखे में प्रभारित कर दिया गया। अधिशेष भाग जो 2011-12 से पूर्व अदा किया गया था, गत वर्ष के आय व व्यय लेखे में प्रभारित कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप परिसम्पत्तयों के सकल खण्ड को 31 मार्च 2012 तक ₹ 1317.35 लाख (चालू वित्त वर्ष 2011-12 हेतु ₹ 211.78 लाख सहित) कम दर्शाया गया और साथ ही व्यय पर आय की अधिकता को इतना ही कम दर्शाया गया।

(ख) स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण हेतु के.लो.नि.वि. को ₹ 131.75 लाख अदा किए गये। तथापि भुगतान अनावर्ती व्यय का था, परंतु इसे पूंजीगत व्यय नहीं समझा गया और आय व व्यय लेखे में प्रभारित किया गया। इसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2012 को परिसम्पत्तियों के सकल खण्ड को ₹ 131.75 लाख कम और साथ में प्रा.व.प्रे. लेखे में आय पर व्यय की अधिकता को इतना ही अधिक दर्शाया गया।

(ग) ऋण समग्रता निधि पर प्रोद्भूत ₹ 88.59 लाख के ब्याज की राशि का लेखा-जोखा ब्याज का परिकलन तिमाही चक्रवृद्धि पद्धति से करने के बजाय साधारण ब्याज पद्धति से करने के कारण नहीं किया गया। इस प्रकार प्रोद्भूत आय का लेखा-जोखा न करने से चालू परिसम्पत्तियों को ₹ 88.59 लाख कम और साथ में व्यय पर आय की अधिकता इतनी ही कम दर्शाई गई।

(घ) चाय बोर्ड ने राजस्व मद जैसे चटाई, कयर, छोटे वैद्युत पुर्जे जैसे स्विचों, कॉल बेल और बर्तनों, प्लास्टिक की टोकरियों इत्यादि पर वर्ष 2011-12 में ₹ 16.50 लाख का व्यय किया। इस व्यय को पूंजी न बनाकर आय व व्यय लेखे में प्रभारित करना चाहिए था। इस प्रकार, इन छोटी वस्तुओं पर किए गए राजस्व व्यय को आय व व्यय लेखे में प्रभारित न करने के परिणामस्वरूप स्थायी परिसम्पत्तियों को ₹ 16.50 लाख अधिक और साथ ही आय पर व्यय की अधिकता को इतना ही कम दर्शाया गया।

ii) व्यय

परिक्रामी समग्रता निधि ऋण योजना के अन्तर्गत, चाय बागानों को ऋण समझौते के नियम व शर्तों के अनुसार मूलधन व ब्याज चुकाना होता है। चाय बोर्ड ने 2011-12 के आय व व्यय लेखे में कोई लेखा प्रभाव दिए बिना तुलना पत्र में ₹ 2038 लाख के

बकाया ऋण पर, अशोध्य व संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान के रूप में ₹ 204 लाख की धनराशि दर्शाई। इस प्रकार, 31 मार्च 2012 तक परिक्रामी समग्र निधि तुलन पत्र में अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों हेतु कोई उचित प्रावधान नहीं किया गया था और किसी देयता का सृजन नहीं किया गया था। चाय बगानों को जारी किए जाने वाले ऋण के संबंध में अशोध्य व संदिग्ध ऋणों हेतु आवश्यक प्रावधान करने हेतु उचित लेखाकरण का अनुपालन न करने के परिणास्वरूप व्यय व देयता ₹ 204 लाख कम दर्शाई गई और साथ में व्यय पर आय की अधिकता भी इतनी ही अधिक दर्शाई गई।

(19) कोयर बोर्ड

चालू देयताएं व प्रावधानः ₹ 392.69 लाख

पेंशन - ₹ 79.72 करोड़ अवकाश नकदीकरण-₹ 7.11 करोड़ और मृत्यु सह सेवानिवृत्ति उपदान ₹ 7.18 करोड़ के प्रति देयताओं का प्रावधान न करने के कारण यह ₹ 94.01 करोड़ कम दर्शाया गया।

(20) रबर बोर्ड

चालू देयताएँ व प्रावधान

सेवानिवृत्ति लाभों का बीमांकन मूल्यांकन 31.03.2012 को ₹ 448.81 करोड़ था। तथापि, बोर्ड ने मात्र ₹55.16 करोड़ के लिए प्रावधान किया है। सेवानिवृत्ति लाभों का कम प्रावधान करने के परिणामस्वरूप वर्तमान देयताओं और प्रावधानों को ₹ 393.65 करोड़ कम दर्शाया गया।

(21) मसाले बोर्ड

i) अचल परिसम्पत्तियॉ (अनुसूची 8) - ₹144.28 करोड़

मूल्यह्रास को न्यूनतम दरों और स्वयं की महत्वपूर्ण लेखाकरण नीति के अनुसार प्रभारित नहीं करने के कारण स्थायी परिसम्पत्तियों को ₹ 2.20 करोड़ अधिक बताया गया है।

ii) चालू देयताएँ व प्रावधान

भा.जी.बी.नि. द्वारा सेवानिवृत्ति लाभों (उपदान, अधिवार्षिता व अवकाश नकदीकरण) का बीमांकन मूल्यांकन ₹ 75.19 करोड़ था। 31.03.2012 तक बोर्ड ने मात्र ₹ 46.16 करोड़ का देयता प्रावधान किया था।

(22) चेन्नई पत्तन न्यास

चालू देयताएँ व प्रावधान

i) बीमांकन मूल्यांकन के अनुसार पेंशन निधि व उपदान निधि हेतु देयता क्रमशः ₹ 2013.52 करोड़ तथा ₹ 212.65 करोड़ होनी चाहिए जिसके प्रति पत्तन न्यास ने क्रमशः ₹1683.30 करोड़ व ₹ 177.65 करोड़ दिए। देयता के कम प्रावधान के परिणामस्वरूप अधिशेष ₹ 365.22 करोड़ अधिक और चालू देयताएँ व प्रावधान इतने ही कम दर्शाए गए।

ii) स्थायी परिसम्पत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन की प्रणाली

स्थायी परिसम्पत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन 2011-12 में किया गया। स्थायी परिसम्पत्तियों (निवल खंड) को 73 मदों का मूल्य ₹ 6.60 करोड़ और 129 मदों का मूल्य शून्य हुआ, जो प्रत्यक्षतः उपलब्ध न होते हुए भी स्थायी परिसम्त्तियों में सम्मिलित हैं।

(23) कोचीन पत्तन न्यास

चालू देयताएँ तथा प्रावधान - ₹ 322.72 करोड़

यह बीमांकित मूल्यांकन के अनुसार पेंशन व उपदान देयताओं के प्रति अंशदान में कमी हेतु प्रावधान न करने के कारण ₹ 1264.01 करोड़ कम दर्शाया गया। परिणामस्वरूप संचित घाटा भी ₹ 1264.01करोड़ कम दर्शाया गया।

(24) दिल्ली विकास प्राधिकरण

i) चालू देयताएँ व प्रावधान

उपरोक्त में राष्ट्रमंडल खेलों से संबंधित कुछ पूर्ण परियोजनाओं के प्रति ₹ 50.94 करोड़ की देयता को सम्मिलित नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप चालू देयताओं व प्रावधानों और साथ ही रा.मं.खे. परियोजना व्यय को ₹ 50.94 करोड़ कम और निवल घाटा इतना ही कम दर्शया गया।

ii) नकद या अन्य ढंग से वसूली योग्य अग्रिम

उपरोक्त में स्लम विभाग से वसूली योग्य ₹ 4.12 करोड़ का अग्रिम सम्मिलित है। यह अग्रिम 20 से अधिक वर्षों से बकाया था, इसलिए वसूली संदिग्ध थी और प्रावधान किया जाना आवश्यक था।

iii) समाप्त भण्डार - निर्मित गृह

उपरोक्त में ₹ 11.78 करोड़ के 109 निर्मित घर सम्मिलित थे जो संबंधित आबंटियों द्वारा बेचे या अधिकृत किए जा चुके थे। तथापि प्राधिकरण ने इन घरों को समाप्त भण्डारों की सूची में से नहीं हटाया। बेचे जा चुके घरों को निर्मित घरों के समाप्त भण्डार से न हटाने के कारण शेष भंडार व निर्माण कार्य (समाप्त भण्डार निर्मित गृह) को ₹11.78 करोड़ अधिक और प्राधिकरण के घाटों को इतना ही कम दर्शाया गया।

(25) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरूक्षेत्र

देयताएँ उद्दिष्ट/अक्षय निधि (अनुसूची-3)

संस्थान विकास निधि (परामर्श): ₹ 528.36 लाख

उपरोक्त संस्थान द्वारा परामर्श सेवाएँ प्रदान करने, भवन निर्माण सामग्री तथा नमूनों की जांच के द्वारा अर्जित परामर्श आय को दर्शाता है, जिसका लेखा-जोखा आय के रूप में होना चाहिए था। इसके परिणामस्वरूप देयता (संस्थान विकास निधि परामर्श) ₹ 528.36 लाख कम दर्शाई गई और साथ ही आय इतनी ही कम दर्शाई गई।

(26) स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षण एवं अनुसंधान, चंडीगढ़

i) रोगी अनुदानः 927.36 लाख

उपरोक्त में पैकेज प्रभार (हृदयरोग विभाग ₹ 9.72 लाख, स्त्री रोग विभाग ₹ 4.78 लाख और नेत्र विज्ञान विभाग ₹ 62.65 लाख) हेतु प्राप्त ₹ 77.15 लाख की धनराशि सम्मिलत है जिसे संस्थान की आय के रूप में मानना चाहिए था। इसके परिणामस्वरूप देयता (रोगी अनुदान) को ₹ 77.15 लाख अधिक दर्शाया गया और साथ ही साथ आय और समग्र/ पूंजीगत निधियों को इतना ही कम दर्शाया गया।

ii) कार्य हेतु जमा- चण्डीगढ़ आवासीय बोर्ड को जमा- ₹ 990.76 लाख

इसमें चण्डीगढ़ आवासीय बोर्ड (चं.आ.बो.) को 32 टाईप-IV और 64 टाईप-III आवास के निर्माण हेतु जमा किए गए ₹ 487.22 लाख सम्मिलित हैं। इन आवासों को स्न.सं. प्राधिकारियों द्वारा च.आ.बो. से क्रमशः 05.07.2005 और 11.07.2009 को सभी प्रकार से पूर्ण स्थिति में लिया गया। तदनुसार इस धनराशि को पूंजीकृत न करने के परिणामस्वरूप च.आ.बो. के पास जमा ₹ 487.22 लाख अधिक और स्थायी परिसम्पत्तियों को इतना ही कम दर्शाया गया।

(27) राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरूपति

i) चालू परिसम्मपत्तियॉ ऋण, और अग्रिम 29.65 करोड़ - (अनुसूची 5)

इसमें के.लो.नि.वि. द्वारा पूर्ण सूचित किए गए और सौंप दिए गए ₹ 12.97 करोड़ के निर्माण कार्यों के लिए जमा सम्मिलित हैं, जिन्हें पूंजी नही बनाया गया, जिसके परिणामस्वरूप पूंजी न बनाने से स्थायी परिसम्पित्तियों कम बताई गई और चालू परिसम्पत्तियों के अंतर्गत अग्रिमों को ₹ 12.97 करोड़ अधिक दर्शाया गया।

ii) आय - ₹ 26.18 करोड़

सहायता अनुदान लेखे संबंधी ₹ 9 करोड़ के निवेश मूल्य पर ₹ 33.52 लाख के प्रोदभूत ब्याज का लेखा-जोखा नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आय/अधिशेष और चालू परिसम्पत्तियों को ₹33.52 लाख कम दर्शाया गया।

iii) वर्तमान देयताएँ और प्रावधान - ₹ 5.06 लाख (अनुसूची- 2 क)

इसमें नई पेंशन योजना के प्रति नियोक्ता के अंशदान के अनुरूप ₹ 14.56 लाख के प्रति देयता हेतु प्रावधान सम्मिलित नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप चालू देयताओं को ₹ 14.56 लाख कम और अधिशेष को इतना ही अधिक दर्शाया गया।

(28) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला

i) उद्दिष्ट/अक्षय निधियाँ : ₹ 7712.97 लाख (अनुसूची-3)

इसमें 2012-13 में प्राप्त हुए और उसी वर्ष पूंजीकृत किए गए कम्प्यूटरों के स्टॉक हेतु देय ₹ 82.53 लाख की देयता के प्रति त्रुटिपूर्ण प्रावधान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान देयताओं और स्थायी परिसम्पत्तियों को ₹ 82.53 लाख अधिक दर्शाया गया।

ii) व्यय ₹ 77.29 करोड़

इसमें वर्ष 2012-13 के दौरान प्राप्त ₹ 82.53 लाख मूल्य के कम्प्यूटरों पर प्रदत्त ₹ 24.76 लाख का मूल्यह्रास सम्मिलित है जिसे गलती से पूंजी बना दिया गया, जिससे व्यय/कमी को ₹ 24.76 लाख अधिक और समग्र/पूंजीगत निधि को इतना ही कम दर्शाया गया।

(29) राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल

स्थायी परिसम्पत्तियाँ - ₹ 206.24 करोड़ (अनुसूची-8)

इसमें शिक्षण संकाय को संस्वीकृत व्यावसायिक विकास भत्तों के अंश के रूप में क्रय किए गए लैपटॉप और कम्प्यूटर पेरिफेरल्स का ₹ 1,45,57,108/-का मूल्य सम्मिलित नहीं है, जिसे त्रुटिवश राजस्व व्यय मान लिया गया, जिसके परिणामस्वरूप स्थायी परिसम्पत्तियों तथा अधिशेष और समग्र/पूंजीगत निधि को ₹ 1.45 करोड़ कम दर्शाया गया।

(30) नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, इन्दौर

चालू परिसम्पत्तियाँ, ऋण तथा अग्रिम, इत्यादि - ₹ 12.37 करोड़ (अनुसूची-11)

इसमें ₹ 63.35 लाख मार्च 2012 तक नर्मदा कालोनी, इन्दौर की सामान्य सुविधाएँ हेतु नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (न.घा.वि.प्रा.) से वसूली योग्य व्यय का अंश होने के कारण, सम्मिलित नहीं है।

इसके परिणामस्वरूप चालू परिसम्पत्तियॉ, ऋण, अग्रिम तथा अन्य परिसम्पत्तियों को ₹ 63.35 लाख कम और आय और व्यय लेखे में आय पर व्यय की अधिकता को इतना ही अधिक दर्शाया गया।

(31) डा. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर

चालू परिसम्पत्तियाँ, ऋण तथा अग्रिम (अनुसूची-11)- ₹148.39 करोड़

इसमें अवधि जमाओं पर प्रोद्भूत ₹ 2.61 करोड़ की धनराशि सम्मिलित नहीं है। इसके परिणामस्वरूप चालू परिसम्पत्तियों को ₹ 2.61 करोड़ कम दर्शाया गया।

(32) राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान, चैन्नई

स्थायी परिसम्पत्तियां

नई परिसम्पत्तियों के प्रापण/वर्तमान सुविधाओं के विस्तार के प्रति किए गए ₹ 24.37 लाख के व्यय को राजस्व व्यय में प्रभारित किया गया। इसके परिणामस्वरूप राजस्व व्यय को ₹ 24.37 लाख अधिक और स्थायी परिसम्पत्तियों को इतना ही कम दर्शाया गया।

(33) केन्द्रीय शास्त्रीय प्रशिक्षण संस्थान, चैन्नई

स्थायी परिसम्पत्तियां - ₹ 44.88 करोड़

2011-12 के दौरान क्रय किए गए कम्प्यूटरों तथा यू.पी.एस. के लिए 60% मूल्यह्रास के बजाय पूर्ण मूल्यह्रास प्रदान किया गया, जैसा कि लेखाकरण नीति में प्रकट किया गया है, जो ₹ 29.04 लाख निकाला गया। इसके परिणामस्वरूप स्थायी परिसम्पत्तियों को ₹ 29.04 लाख कम और मूल्यह्रास इतना ही अधिक दर्शाया गया।

(34) विश्वेश्वरेया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर

स्थायी परिसम्पत्तियाँ (अनुसूची 8) - ₹ 121.99 करोड़

इसे 2010-11 में प्रदान किए गए पुस्तकालय भवन हेतु मूल्यह्रास के दो बार प्रावधान के कारण ₹ 30.47 लाख कम दर्शाया गया।

(35) कर्मचारी राज्य बीमा निगम (क.रा.बी.नि.)

चिकित्सा लाभ (अनुसूची- 'क')- ₹ 2689.62 करोड़

दिल्ली और अन्य राज्यों में स्थित विभिन्न औषधालयों व चिकित्सालयों हेतु वर्ष 2011-12 के दौरान मशीनरी तथा चिकित्सा उपकरण के प्रापण पर किया गया ₹ 89 करोड़ का व्यय पूंजीकृत नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप स्थायी परिसम्पत्तियों को ₹ 89 करोड़ कम और राजस्व व्यय को इतना ही अधिक दर्शाया गया है।

(36) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

ब्याज उचंत खाता (अनुसूची-VI)

क.भ.नि.सं. ने 2011-12 के दौरान क.भ.नि. अंशदाताओं के 16.62 करोड़ लंबित लेखे का अद्यतनीकरण किया। 1.4.2011 को ब्याज उचंत खाते (ब्या.उ.खा.) में उपलब्ध ₹ 22461.14 करोड़ के अधिशेष के प्रति क.भ.नि.सं. ने 2011-12 में ₹ 23145.81 के ब्याज के जमा सहित ₹ 23797.26 करोड़ का भुगतान किया जिसके परिणामस्वरूप ब्या.उ.खा. में ₹ 1336.12 करोड़ का ऋणात्मक शेष हुआ।

तुलन-पत्र में ₹ 1336.12 करोड़ का ऋणात्मक शेष दर्शाने के परिणामस्वरूप कुल देयताओं और परिसम्पत्तियों को कम दर्शाया गया।

क.भ.नि. सदस्य के खाते में जमा किए गए ₹ 23145.81 करोड़ के ब्याज का विवरण/अलग-अलग ब्यौरा उपलब्ध न होने के कारण इस धनराशि की सत्यता पर राय कायम करना कठिन है।

इसके अतिरिक्त, 31 मार्च 2012 तक क.भ.नि. अंशदाताओं के ₹ 38.74 लाख खातों को अद्यतनीकृत करना लम्बित था। इनका अद्यतनीकरण होने से 31 मार्च 2012 को ऋणात्मक शेष और अधिक बढ जाएगा और इसके परिणामस्वरूप अगले वर्ष में दर्ज किए जाने वाले ब्याज की धनराशि में कमी होगी। अद्यतन न किए गए खातों की संख्या, मूलधन और उस पर ब्याज का हिसाब नहीं किया गया था और लेखाओं में प्रकट नहीं किया गया था।

(37) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

i) भा.कृ.अ.प. के स.भ.नि./अं.भ.नि. के लेखे

तुलन पत्र में परिसम्पत्तियों की और ₹ 51.20 करोड़ की धनराशि को बकाया स.भ.नि. अग्रिम के रूप में दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त अनुसूची 1- स.भ.नि. अंशदान और उस पर ब्याज का हिसाब अंशदाताओं को प्रदत्त स.भ.नि. अग्रिम को निवल जोड़ निकालकर किया गया। इसके कारण परिसम्पत्तियों को अधिक बताया गया।

(ii) आरक्षित

भा.कृ.अ.प. ने पिछले खातों के अंतर को समायोजित करने हेतु स.भ.नि. की आरक्षित से ₹ 117.84 करोड़ की धनराशि घटाई। खाता टिप्पणियों में कोई विवरण नहीं दिया गया।

(38) रेल भूमि तथा विकास प्राधिकरण (रे.भू.वि.प्रा.)

तुलन-पत्र/देयताएँ

पूंजीगत/कोर्पस निधि- ₹ 52.97 करोड़

रे.भू.वि.प्रा. (गठन) नियमावली 2007 के नियम 16(3) के अनुसार प्राधिकरण को एक पृथक खाता रखना चाहिए जिसमें प्राधिकरण की परियोजनाओं में से सभी अर्जन, रॉयल्टी, रियायत शुल्क, अनुज्ञप्ति शुल्क सहित तथा लाभों को दर्ज किया जाएगा और उसके बाद उन्हें पूर्णतः केन्द्र सरकार को पारित कर दिया जाएगा।

जब्त रकम की ₹ 44.29 करोड़ की धनराशि रे.भू.वि.प्रा. द्वारा रख ली गई और उस पर ब्याज रेल मंत्रालय की ओर से प्राप्त कर लिया गया और इसे रेल मंत्रालय को हस्ताक्षरित नहीं किया गया, जैसा कि ऊपर उद्घृत नियम में अपेक्षित है।, उपरोक्त धनराशि में से ₹ 40.51 करोड़ पिछले वर्ष से संबंधित है। यह धनराशि वास्तव में रेल मंत्रालय को देय थी और इसे तुलन-पत्र में देयताओं की ओर रेलवे को हस्ताक्षरण योग्य निधियाँ शीर्ष के अंतर्गत दर्शाया जाना चाहिए था परंतु इसे प्राधिकरण द्वारा शीर्ष पूंजीगत/समग्र निधि में दर्ज किया गया। इसके परिणामस्वरूप रेलवे को हस्ताक्षण योग्य निधि ₹ 44.29 करोड़ कम और समग्र निधि इतनी ही अधिक दर्शाई गई।

अध्याय II : कृषि मंत्रालय

राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड

2.1 विशिष्ट रोगजनक मुक्त झींगा सन्तति गुणन केन्द्र की स्थापना पर निष्फल व्यय

आरेखणों के प्रस्तुतीकरण पर फर्म को 90 *प्रतिशत* का भुगतान करने के अविवेकपूर्ण निर्णय के साथ पार्टियों की वित्तीय क्षमताओं को सुनिश्चित किए बिना अनुबंध करने के कारण सात वर्ष बीत जाने के बाद भी परियोजना के गैर-स्थापन के परिणामस्वरूप ₹ 5.82 करोड़ का व्यय निष्फल रहा। भारतीय झींगा कृषकों को रोग मुक्त पेनोस मोनोडोन शुक्राणु आपूर्ति करने का उद्देश्य भी प्राप्त नहीं हुआ।

रोग-मुक्त झींगा समूह स्टॉक की कमी के कारण कृषि मंत्रालय (कृ.मं.) ने, 27 जून 2006 को संघीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में, प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों से पेनोस मोनोडोन के शुक्राणु आयात करके एक संयुक्त कार्यक्रम के रूप में भारत में एक विशिष्ट रोगजनक मुक्त गुणन केन्द्र (वि.रो.मु.-गु.के.) की स्थापना करने का निर्णय लिया। वि.रो.मु.- गु.के. की स्थापना करने का उद्देश्य देश में काला टाइगर झींगा के रोग मुक्त शुक्राणु (पेनोस मोनोडोन) का उत्पादन करना तथा इसकी आपूर्ति देश के झींगा कृषकों को करनी थी। उसी बैठक में यह भी निर्णय किया गया था कि मैसर्स मोआना प्रौद्योगिकी, हेवेई, यू.एस.ए. (एक फर्म) द्वारा शुक्राणु भारत लाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा सकता है।

फर्म द्वारा शुक्राणु के उत्पादन हेतु प्रस्तावित वि.रो.मु.-गु.के पर एक विस्तृत प्रस्तुति दिसंबर 2006 में दी गई थी । इसके पश्चात यू.एस.ए. में फर्म को दी गई सुविधाओं, प्रौद्योगिकी के स्तर एवं वि.रो.मु.-गु.के. के संस्थापन के संबंध में अन्य विवरणों के आकलन करने के लिए कृ.मं. द्वारा गठित सम्यक उद्यम दल ने एक दौरा किया था (फरवरी-2007)। दल ने, भारत में फर्म द्वारा, वि.रो.मु.-गु.के. की स्थापना करने की अनुशंसा की (फरवरी 2007)।

कृ.मं. के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त निकाय राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (रा.म.वि.बो.) ने मैसर्स मोआना होंग कोंग लि. (मोआना प्रौद्योगिकी, यू.एस.ए. स्वामित्व की एक कंपनी, मोआना के रूप में भी संदर्भित) तथा मैसर्स भारतीय मोआना प्रौद्योगिकी (प्रा.) लि. (भा.मो.प्रौ.प्रा.लि.-सं.उ.कं.), भारत में एक संयुक्त उद्यम, के साथ एक समझौता किया (मार्च 2008)। समझौते की शर्तों में, अन्य बातों के साथ, निम्नलिखित का भी प्रावधान थाः

➢ मोआना के संकल्पनात्मक आरेखण के अनुसार आन्ध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में रा.म.वि.बो. द्वारा 40 हेक्टेयर क्षेत्र में 5.2 मिलियन यू.एस. डॉलर (₹ 21 करोड़) (भूमि की लागत को छोड़कर) के अनुमानित निवेश पर एक पूर्ण वि.रो.मु.-गु.के. की स्थापना करना।

➢ रा.म.वि.बो. द्वारा वि.रो.मु.-गु.के. का टर्नकी आधार पर संकल्पनात्मक आरेखण तथा निर्माण के निरीक्षण का कार्य मोआना को सौंपा जाएगा।

➢ मोआना को 600,000 यू.एस. डॉलर (अनुबंध के हस्ताक्षर होने तथा संराचनात्मक आरेखण प्रस्तुत होने के पश्चात 300,000 यू.एस. डॉलर तथा भूमि के अधिग्रहण तथा आरेखणों के अंतिम ब्लू प्रिंट के प्रस्तुतीकरण पर 240,000 यू.एस. डॉलर तथा वि.रो.मु.-गु.के. सफलतापूर्वक चालू होने पर शेष 60,000 यू.एस. डॉलर) का कुल भुगतान किया जाएगा।

➢ मोआना, भा.मो.प्रौ.प्रा.लि.-सं.उ.कं. में बड़ा शेयर धारक होगा तथापि यदि कोई वित्तीय चूक होती है तो भा.मो.प्रौ.प्रा.लि.-सं.उ.कं. की जवाबदेही होगी तथा मोआना केवल प्रौद्योगिकी दोष के संबंध में जिम्मेदार तथा उत्तरदायी होगी।

➢ रा.म.वि.बो. निवेश (सुविधाएं तथा भूमि) के पांच *प्रतिशत* लाइसेंस शुल्क के वार्षिक भुगतान पर निर्मित वि.रो.मु.-गु.के. सुविधा को भा.मो.प्रौ.प्रा.लि.-स.उ.के. को लाइसेंस पर देना।

➢ लाइसेंस की शर्त संचालन के शुरू होने पर आरंभ होगी तथा आठ वर्षों तक चलेगी।

रा.म.वि.बो. ने, फर्म द्वारा संरचनात्मक आरेखणों तथा आरेखणों के अंतिम ब्लू प्रिन्ट प्रस्तुत करने के बाद मार्च 2008 में मोआना को 540,000 यू.एस. डॉलर का भुगतान किया। के.लो.नि.वि. ने ₹ 47.12 करोड़ की लागत पर प्राप्त भूमि पर आन्ध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में ₹ 2.85 करोड़ की लागत पर वि.रो.मु.-गु.के. की स्थापना के परियोजना कार्य के लिए प्रस्ताव (अगस्त 2009) तथा संशोधित प्रस्ताव (दिसम्बर 2009) प्रस्तुत किया। तथापि, भा.मो.प्रौ.प्रा.लि.-सं.उ.कं. अर्थात भारतीय सं.उ. द्वारा संशोधित अनुमान पर पांच *प्रतिशत* के लाइसेंस शुल्क के भुगतान हेतु स्वीकृति न भेजने के कारण, रा.म.वि.बो. ने वि.रो.मु.-गु.के. के निर्माण हेतु निविदाएं मंगाने के लिए संस्वीकृति नहीं दी।

रा.म.वि.बो. ने अनुबंध की शर्तों का पालन न करने के लिए मोआना के विरूद्ध कानूनी नोटिस जारी किया (जुलाई 2011)। प्रत्युत्तर में, मैसर्स भा.मो.प्रौ.प्रा.लि. (अगस्त 2011) तथा मोआना (नवम्बर 2011) गुणन केन्द्र की स्थापना में हुए विलम्ब के लिए एक दूसरे

को दोषी ठहराया। इसके अतिरिक्त, रा.म.वि.बो. द्वारा गतिरोध समाप्त करने के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए।

रा.म.वि.बो. के अभिलेखों की जांच परीक्षण से प्रकट हुआ कि यद्यपि वि.रो.मु.-गु.के. की स्थापना से संबंधित विभिन्न गतिविधियों पर ₹ 5.82 करोड़[1] की राशि का व्यय किया गया था, तथापि यह सुविधा अप्रैल 2013 तक स्थापित नहीं की गई थी। इसके अतिरिक्त संवीक्षा में निर्माण कार्य देने में निम्नलिखित कमियां प्रकट हुईः-

- एकमात्र प्रस्ताव के प्रत्युत्तर में परियोजना के कार्य को वित्तीय क्षमताओं का मूल्यांकन किए बिना तकनीकी क्षमताओं के मूल्यांकन के आधार पर मोआना को सौंप दिया गया। मोआना, मैसर्स अर्नेस्ट एण्ड यंग, होंग कोंग के लेखापरीक्षक, जिसने 18.11.2005 (समावेशन की तिथि) से 31.12.2009 के लिए मोआना के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की थी, ने अपनी राय का खंडन किया (दिसम्बर 2011) तथा पाया कि चल रहे कार्य को जारी रखने के संदर्भ में कम्पनी की योग्यता संदेहास्पद थी।

- अनुबंध में अनुबंध की शर्तों का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा तथा मोआना द्वारा चूक होने की दशा में सरकारी हितों को सुरक्षित रखने हेतु किसी कार्यनिष्पादन का प्रावधान नहीं किया गया था। अनुबंध के अनुसार, मोआना द्वारा आरेखण प्रदान करने के अतिरिक्त वि.रो.मु.-गु.के. के निर्माण का पर्यवेक्षण करना तथा उसको चालू करना अपेक्षित था। केवल आरेखणों के प्रस्तुतीकरण एवं वि.रो.मु.-गु.के. के निर्माण तथा चालू किए बगैर, बिना किसी सुरक्षा के तय राशि का 90 *प्रतिशत* का भुगतान करने का निर्णय अविवेकपूर्ण था।

- अनुबंध में वि.रो.मु.-गु.के. के पूर्ण होने तथा प्रचालन की कोई तिथि नहीं दर्शाई गई थी।

- अनुबंध में, लाइसेंस अनुबंध हस्ताक्षरित करने के लिए भा.मो.प्रौ.प्रा.लि.-सं.उ.कं. हेतु न तो कोई समय सूची थी, और न ही अनुबंध हस्ताक्षरित न होने की दशा में किसी अर्थदण्ड शर्त को शामिल किया गया था।

उत्तर में, मंत्रालय ने विलम्ब को स्वीकार करते हुए (मार्च 2012) विलम्ब के लिए मोआना तथा भा.मो.प्रौ.प्रा.लि. के बीच अप्रत्याशित विकासों को उत्तरदायी ठहराया। उसने आगे बताया मोआना के प्रस्ताव की कृ.मं./रा.म.वि.बो. में आलोचनात्मक रूप से जांच की गई थी, तथा यह महसूस किया गया था कि मोआना से प्रौद्योगिकी प्राप्त करना लाभकारी होगा। आगे, अनुबंध के हस्ताक्षर होने की तिथि तक संगठन की वित्तीय

[1] 97.45 एकड़ भूमि का अधिग्रहणः ₹ 2.85 करोड़; शुल्कों को भुगतानः ₹ 2.17 करोड़; पहुंच सड़क को बिछानाः ₹ 43.80 लाख तथा अन्य विविध व्ययः ₹ 35.67 लाख।

स्थिति पर संदेह करने की कोई गुजांइश नहीं थी। उसने आगे बताया कि रा.म.वि.बो. तथा मोआना के बीच बातचीत करने की सुविधा प्रदान करने के लिए अथवा अधिगृहित भूमि का वैकल्पिक उपयोग करने के लिए प्रयास किये जा रहे थे।

मंत्रालय का उत्तर दर्शाता है कि अनुबंध का निष्पादन करने से पूर्व भागीदारों की वित्तीय स्थिति के संबंध में कोई यथोचित उद्यम नहीं किया गया था। तथ्य यह रहता है कि बातचीत करने से कोई ठोस परिणाम प्रकट नहीं हुआ था, तथा अप्रैल 2013 तक भूमि को किसी वैकल्पिक उपयोग हेतु काम में नहीं लाया गया था।

इस प्रकार, सुविधा के विभिन्न पहलुओं पर ₹ 5.82 करोड़ (विदेशी कम्पनी को परामर्श शुल्क के रूप में दिए गए ₹ 2.17 करोड़ को मिलाकर) व्यय करने के बावजूद विचारित वि.रो.मु.-गु.के. को स्थापित नहीं किया जा सका तथा भारतीय कृषकों को रोगमुक्त शुक्राणु की आपूर्ति करने का अभिष्ट लाभ निर्णय के सात वर्ष बीत जाने के बाद तक पूर्ण नहीं हुआ।

अध्याय III : संस्कृति मंत्रालय

एशियाई समिति, कोलकाता

3.1 कर्मचारियों को अनुचित लाभ

एशियाई समिति, कोलकाता ने, अपने कर्मचारियों को ₹ 3.09 करोड़ का अनुचित लाभ पहुँचाया जो छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के प्रावधानों तथा संशोधित आश्वासित कैरियर प्रगति योजना (सं.आ.कै.प्र.यो.) में असंगति के कारण था। इसके अतिरिक्त, इसने सेवानिवृति की आयु प्राप्त होने के पश्चात भी स्टाफ की सेवाओं को नियमित रूप से विस्तारित किया।

3.1.1 वेतन नियमन,संशोधित आश्वासित कैरियर प्रगति योजना का कार्यावन्यन तथा विशेष वेतनवृद्वियां प्रदान करना।

वित्त मंत्रालय ने केन्द्रीय कर्मचारियों हेतु संशोधित वेतन ढांचे को (छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर) स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों को देते हुए स्पष्ट किया (सितम्बर 2008) कि संशोधित वेतन ढांचा स्वायत्त निकायों के उन कर्मचारियों, जिनकी सेवा-शर्तें केन्द्रीय सरकारी विभागों के कर्मचारियों के जैसी थीं, को दिया जाए। इसके अतिरिक्त, उन स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों, जिनका वेतन ढांचा केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों जैसा नहीं था, के लिये यह सुनिश्चित किया जाना था कि लाभों का अंतिम पैकेज केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों की तदनरूपी श्रेणियों से अधिक लाभकारी न हो। इस प्रकार, संशोधित वेतन ढांचा कार्यान्वित करते समय, स्वायत्त निकाय, अपने कर्मचारियों को, केन्द्रीय सरकार में उनके प्रतिस्थानियों को ग्राहय लाभों से अधिक लाभ देने में नियंत्रित किए गए थे। सामान्य वित्तीय नियम 209 (6) (iv) (क) के अनुसार भी, वे सभी अनुदानग्राही संस्थान या संगठन जो अपने आवर्ती व्यय का पचास *प्रतिशत* से अधिक भाग सहायता अनुदान के रूप में प्राप्त करते हैं, अपने कर्मचारियों की सेवा-शर्तें सामान्य रूप से तैयार करेंगें, जो कुल मिलाकर केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की श्रेणियों पर लागू से अधिक न हों । आपवादिक मामलों में वित्त मंत्रालय के परामर्श से छूट दी जा सकती है ।

केन्द्रीय सरकारी विभागों के कर्मचारियों हेतु संशोधित आश्वासित कैरियर प्रगति योजना (सं.आ.कै.प्र.यो.),कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. दिनांक 19 मई 2009 द्वारा कार्यान्यित की गई थी। योजना में, सेवा के 10, 20 तथा 30 वर्ष पूर्ण होने पर वित्तीय उन्नयन का प्रावधान था। सं.आ.कै.प्र.यो. के अंतर्गत उन्नयन के पश्चात एक कर्मचारी

के वेतन बैण्ड में, कुल वेतन का तीन *प्रतिशत* तक तथा ऐसे उन्नयन से पूर्व आहरित ग्रेड़ वेतन अगले उच्च ग्रेड में बढ़ाया जाएगा।

लेखापरीक्षा ने पाया कि समिति ने:

(i) छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को कार्यान्वित करते समय वर्ग 'घ' कर्मचारयों को ₹ 5200-20200 के वेतन बैण्ड में ₹ 1800 की बजाय ₹ 1900 के ग्रेड वेतन में वेतन दिया।

(ii) सभी पात्र कर्मचारियों का ग्रेड वेतन, सं.आ.कै.प्र.यो.के अर्न्तगत ग्राहय स्तरों से उच्च स्तरों पर नियत किया ।

(iii) उसने अपने सभी कर्मचारियों को कार्य के बढ़ते भार हेतु एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि देने का अनुमोदन किया (सितम्बर 2010)।

अनियमित वेतन नियतन, सं.आ.कै.प्र.यो. का अनुपयुक्त कार्यान्वयन तथा अनियमित वेतनवृद्धि प्रदान करने के संचित प्रभाव के परिणामस्वरूप कर्मचारियों को ₹ 3.09 करोड़ का अनुचित लाभ हुआ जिसमें से ₹ 1.38 करोड़ का पहले ही भुगतान किया जा चुका है (अक्तूबर 2012)। शेष राशि का पर्याप्त निधियों के अभाव में भुगतान नहीं किया जा सका था।

मुख्य लेखा नियंत्रक के आंतरिक लेखापरीक्षा दल, मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने भी इन मुद्दों को उठाया था (सितम्बर 2011) जिसके उत्तर में संस्कृति मंत्रालय अर्थात समिति के प्रशासनिक मंत्रालय ने;

(क) समिति को छठे वेतन आयोग की सिफारिशों तथा सं.आ.कै.प्र.योजना के कार्यान्वयन के लिए उसका अनुमोदन प्राप्त करने के निर्देश दिए (अप्रैल 2012), तथा

(ख) अतिरिक्त वेतनवृद्धि के प्रति किए गए अधिक भुगतान को वसूल किया जाए।

तदनुसार, समिति ने, मंत्रालय से कार्योत्तर अनुमोदन हेतु प्रस्ताव किया (मई 2012)। मंत्रालय ने समिति को पुनः निर्देश दिए (अक्तूबर 2012) कि छठे वेतन आयोग की सिफारिशों तथा सं.आ.कै.प्र.यो. के कार्यान्वयन के संबंध में वित्त मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापनों का सख्ती से पालन किया जाए तथा अतिरिक्त वेतन वृद्धि के प्रति किए गए अधिक भुगतान को वसूल किया जाए। तथापि, समिति ने अभी भी यह राशि वसूल करनी थी (मई 2013)।

समिति ने उत्तर दिया (जनवरी 2013) कि ग्रेड वेतन से संबंधित त्रुटि को दिनांक 4 जनवरी 2011 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा सही कर लिया गया था, तथा तभी से नव

नियुक्तों को ₹ 1800 का ग्रेड दिया गया था। उसने आगे बताया कि सं.आ.कै.प्र.यो. प्रदान करने से संबंधित मामले मंत्रालय को स्पष्ट किए गए थे, तथा उच्च शिक्षा के प्रति अतिरिक्त वेतनवृद्धि के मामलों की मंत्रालय के परामर्श से पुनः जांच की जाएगी। उसने यह भी सूचित किया था कि यद्यपि उसकी परिषद ने 25 मई 2012 की हुई बैठक में अधिक भुगतान वसूल करने का निर्णय लिया गया था, तथापि वसूली आरंभ नहीं की जा सकी क्योंकि पुनः जांच करने का निर्णय बाद में लिया गया था। उसने इस बात पर भी बल दिया था कि किसी अन्य विभाग के लिए लागू नियम, जब तक एशियाई समिति अधिनियम में दी गई यथा प्रक्रिया को अपनाया नहीं जाता है तब तक स्वतः समिति पर लागू नहीं होंगे।

3.1.2 सेवा निवृति के पश्चात सेवा का विस्तार

समिति के उपनियमों में, समिति के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है किन्तु सेवाएं एक बार में एक वर्ष तक बढ़ायी जा सकती है तथा ऐसे बढ़ाए गए समय की अवधि पांच वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

मंत्रालय ने, समिति के कर्मचारियों की सेवा बढ़ाने से संबंधित पिछले संदर्भ के प्रत्युत्तर (अक्तूबर 2002) में यह निर्देश दिया था, कि 62 वर्ष की आयु तक सेवावधि बढ़ाने पर विचार करते समय भा.स. के दिशानिर्देशों का पालन किया जाए और ऐसे विस्तारण नियमित रूप से नहीं दिए जाने चाहिए। समिति को भी मंत्रालय के पूर्वानुमोदन के बिना 62 वर्ष की आयु के पश्चात सेवावधि न बढ़ाने के निर्देश दिए थे। मंत्रालय ने, समिति को सेवावधि बढ़ाए जाने से संबंधित उपनियमों में संशोधन करने तथा संशोधित उपनियम शीघ्रातिशीघ्र भेजने का परामर्श भी दिया था। इसको सूचित करते समय मंत्रालय ने यह प्रशंसा भी की थी कि यह एक स्वायत्त संगठन था तथा इसकी स्वायत्ता का आदर करने की आवश्यकता है लेकिन उसने इस बात पर भी बल दिया कि चूँकि यह भारत सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्तपोषित है, इसलिए इसे भारत सरकार के मूल मानदण्ड तथा दिशानिर्देश अपनाने अपेक्षित थे।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से प्रकट हुआ कि समिति द्वारा उन सभी 30 कर्मचारियों जिन्होंने 2007-2012 के दौरान सेवानिवृति आयु (60 वर्ष) पार कर ली थी, की सेवा अवधि में विस्तार किया गया था। पहले भी, समिति ने 33 कर्मचारियों जो 1998-2007 के दौरान सेवा-निवृत्त होने थे, की सेवा अवधि में विस्तार किया गया था। यह भी पाया गया था कि समिति ने, सभी सेवा-निवृत्त व्यक्तियों की सेवा अवधि बिना कोई कारण दिए नियमित रूप से बढ़ा दी थी। मंत्रालय द्वारा दिए गए परामर्श के अनुसार समिति ने सेवा अवधि में विस्तार करने से संबंधित उप नियमों में संशोधन नहीं किया था।

समिति ने बताया (जनवरी 2013) कि वह समय-समय पर अपनी संशोधित सेवा शर्तों द्वारा मार्गदर्शित होता था, तथा वर्तमान सेवा शर्तें सरकार द्वारा अनुमोदित थी। जब तक सेवा शर्तें संशोधित न की जाएं अथवा परिषद द्वारा नई शर्तें न अपनायी जाएं तथा सरकार द्वारा उसका अनुमोदन न किया जाए, तब तक इसके द्वारा कोई नई शर्त नहीं लगाई जा सकेगी।

इस प्रकार, समिति ने भारत सरकार की नियमावली के साथ साथ मंत्रालय के विशिष्ट दिशानिर्देशों के उल्लघंन में सेवानिवृति के बाद अपने कर्मचारियों को अतिरिक्त वेतन या उनकी सेवाओं में विस्तार कर अनियमित रूप से अतिरिक्त लाभ प्रदान किए थे।

मामला मंत्रालय को दिसम्बर 2012 में सूचित किया गया था; उनका उत्तर मई 2013 तक प्रतीक्षित था।

अध्याय IV : स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

4.1 शिक्षण साधन भत्ते पर अप्राधिकृत व्यय

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने मंत्रालय के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए अपने संकाय सदस्यों तथा ग्रुप 'क' के अधिकारियों को शिक्षण साधन भत्ते की प्रतिपूर्ति की।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (संस्थान) अप्रैल 2000 से अपने संकाय सदस्यों को ₹ 20,000 प्रतिवर्ष तक शिक्षण साधन भत्ते (शि.सा.भ.) की प्रतिपूर्ति कर रहा था। यह भत्ता संकाय सदस्यों को वैज्ञानिक समितियों में नामांकन कराने तथा पुस्तकें, जर्नल और अन्य शिक्षण साधन सामग्री का क्रय करने में सहायता के उद्देश्य से दिया जाता था।

संस्थान ने अपनी स्थायी वित्त समिति (स्था.वि.स.) के अनुमोदन से (दिसम्बर 2002) अपने ग्रुप 'क' के अधिकारियों को ₹ 10,000 प्रतिवर्ष तक शि.सा.भ. का लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया। इस प्रस्ताव को इसके नियंत्रक निकाय द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद मंत्रालय के अनुमोदन हेतु अग्रेषित किया गया था। इस प्रस्ताव में संकाय सदस्यों के शि.सा.भ. को बढ़ाकर ₹ 24,000 प्रतिवर्ष करने के लिए भी अनुमोदन माँगा गया था।

मंत्रालय ने वित्त मंत्रालय के साथ परामर्श करके इस प्रस्ताव पर विचार किया और संस्थान को सूचित किया (जुलाई 2004) कि शि.सा.भ. की वर्तमान योजना को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए और इसके बजाय संकाय सदस्यों/ग्रुप 'क' के अधिकारियों को अपने कार्य से संबंधित पुस्तकें या जर्नल क्रय करने हेतु पुस्तकालय प्रशासन को मांगपत्र प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। इसने संस्थान को यह भी सलाह दी कि वह एक विशेषज्ञ समिति गठित करे जो संकाय सदस्यों/ग्रुप 'क' अधिकारियों के कार्य संबंधी व्यवसायिक समितियों या निकायों की सूची तैयार करेगी और संस्थान ऐसी समितियों को सीधे ही भुगतान किया करे।

मामले को पहले दिसम्बर 2004 में (अक्तूबर 2004 में स्थायी वित्त समिति से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात) और दुबारा सितम्बर 2005 में (जुलाई 2005 में नियंत्रक निकाय से अनुमोदन मिलने पश्चात) संकाय सदस्यों के शि.सा.भ. की सीमा बढ़ाकर ₹ 36,000 प्रतिवर्ष करने और समूह 'क' अधिकारियों को शि.सा.भ. की अनुमति देने

हेतु मंत्रालय के पास बारबार भेजा गया था। प्रस्ताव को मंत्रालय ने स्वीकार नहीं था (दिसम्बर 2005)।

तथापि, संस्थान ने शि.सा.भ. का भुगतान जारी रखा और मार्च 2009 से दिसम्बर 2011 तक शि.सा.भ. पर किया गया व्यय ₹ 3.22 करोड़ था। 2009–10 के पूर्व किए गए व्यय के अभिलेख लेखापरीक्षा को प्रदान नहीं किए गए थे।

संस्थान ने बताया (मई 2013) कि अ.भा.आ.सं. अधिनियम 1956 के अंतर्गत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि वित्त प्रस्ताव या स्था.वि.स. की सिफारिशों को अनुमोदन हेतु मंत्रालय को भेजा जाना चाहिए, जब तक कि स्था.वि.स. स्वयं उसे अग्रेषित न करे। संस्थान ने यह भी बताया कि शि.सा.भ. हेतु प्रस्ताव संघ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को उनके संस्थान के अध्यक्ष के रूप में भेजा गया था और इसे मंत्रालय को शि.सा.भ. हेतु कोई संदर्भ नहीं दिया किया गया था। इस प्रकार शि.सा.भ. के अनुदान और इसे जारी रखने में कोई अनियमितता नहीं थी।

संस्थान का उत्तर अ.भा.आ.सं. अधिनियम, 1956 के उपबन्ध 25 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है, जो अनुबंधित करता है कि संस्थान केन्द्र सरकार द्वारा अधिनियम को प्रभावी ढ़ग से लागू किए जाने हेतु जारी किए निर्देशों को क्रियान्वित करेगा। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय को प्रस्ताव को अनुमोदित करने के अनुरोध के साथ पत्र स्पष्ट रूप से भेजे गए थे और यही उचित था कि मंत्रालय द्वारा प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय से परामर्श के बाद अस्वीकार कर दिए जाने पर ऐसे भुगतानों की प्रक्रिया को तुरंत रोक देना चाहिए था।

लेखापरीक्षा में यह भी पाया गया कि संस्थान की स्था.वि.स. में अपना प्रतिनिधि होने के बावजूद मंत्रालय संस्थान को रोकने में विफल रहा, जिसने इसके निर्देशों का उल्लंघन करना जारी रखा।

यह मामला मंत्रालय को दिसम्बर 2012 में प्रेषित किया गया था; जून 2013 तक उनका उत्तर प्रतीक्षित था।

4.2 शल्य चिकित्सीय मदों के प्रापण पर अधिक भुगतान

निविदा प्रक्रिया प्रारम्भ करने में विलम्ब का परिणाम उच्चतर दरों पर शल्य चिकित्सीय मदों के प्रापण ₹ 51.53 लाख के परिहार्य भुगतान में परिणित हुआ।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (संस्थान) अपने अधिदेश कार्यों के अंतर्गत इसके मुख्य अस्पताल (विभिन्न विभागों तथा वार्डों से बने) तथा छः केन्द्रों[1] के माध्यम से रोगी की देखभाल तथा अनुसंधान के कार्य करता है। संस्थान विकेन्द्रीकृत क्रय प्रणाली का अनुपालन करता है जिसने मुख्य अस्पताल तथा सभी केन्द्रों/विभागों के अलग-अलग बजट आवंटन है। तथापि, आम शल्य चिकित्सीय तथा अन्य मदें जो मुख्य अस्पताल तथा संस्थान के विभिन्न केन्द्रों में आवश्यक है, के प्रापण हेतु दर अनुबंध के भण्डार अनुभाग (निदेशक कार्यालय (नि.का.) द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा सूचित आवश्यकता के आधार पर केन्द्रीयकृत विधि के आधार पर किया जाता है।

भण्डार अनुभाग (भ.अ.) ने छः मदों[2] की आपूर्ति हेतु तीन फर्मों के साथ 13 मई 2008 (दो फर्म) तथा 1 फरवरी 2008 (एक फर्म) के साथ दो वर्षों की अवधि के लिए दर अनुबंध किया था। इन मदों पर अनुबंध क्रमशः जनवरी 2010 तथा मई 2010 में समाप्त हुआ।

अगले अनुबंध हेतु प्रक्रिया नवम्बर 2009 में प्रारम्भ की गई थी, तथा दो वर्षों से अधिक का समय लेकर दिसम्बर 2011 में इसे अंतिम रूप दिया गया था।


लेखापरीक्षा ने पाया संस्थान ने यह सुनिश्चित करने हेतु कि वर्तमान अनुबंध की समाप्ति से पूर्व नए दर अनुबंधों को अंतिम रूप दिया जाए, समय रहते निविदा जांच प्रारम्भ नहीं की थी।

परिणामस्वरूप, शल्य चिकित्सीय भण्डार ने नए अनुबंधों को अंतिम रूप देने से पहले, जो दिसम्बर 2011 तथा मार्च 2012 में लागू किए गए, इन मदों की स्थानीय खरीद की। इसके अतिरिक्त, कुछ केन्द्रों अर्थात् संस्थान रोटरी कैंसर अस्पताल (सं.रो.के.अ.), डॉ. आर.पी. नेत्र-विज्ञान केन्द्र तथा जे.पी.एन. ट्रॉमा केन्द्र ने भी दर अनुबंध के अभाव में सीमित निविदा जांच के माध्यम से मदों का प्रापण किया। लेखापरीक्षा ने पाया कि इन केन्द्रों ने मदों हेतु बहुत कम दरें अदा की थी। नीचे ग्राफ अक्तूबर 2010 से दिसम्बर 2011 की अवधि के दौरान विभिन्न प्रबंधनों के अंतर्गत संस्थान द्वारा अदा की गई तुलनात्मक दरों को दर्शाता है।

---

[1] कार्डियोथोरेसिस तथा न्यूरोविज्ञान केन्द्र, जय प्रकाश नारायण शीर्ष ट्रॉमा केन्द्र, रॉटरी कैंसर अस्पताल, नेत्र-विज्ञान केन्द्र तथा दंत्य शिक्षा एंव अनुसंधान केन्द्र तथा व्यवहार्य विज्ञान केन्द्र

[2] गेज एबजोर्बेन्ट थान (एक पतली ढ़ीली बुनी हुई शल्य चिकित्सीय पट्टी), उदर स्पंज (20 से.मी x 20 से.मी तथा 30 से.मी. x 30 से.मी.), रोलर बैंडेज 4"x4" इंच तथा 6"x 4") तथा स्किन स्टैपलर



इस प्रकार शल्य चिकित्सीय भण्डार ने महत्वपूर्ण रूप से ऊंची दरों पर मदों का प्रापण किया। इसके द्वारा किए गए भुगतान, केन्द्रों द्वारा किए प्रापणों की तुलना में 18 *प्रतिशत* से 152 *प्रतिशत* तक अधिक थे। अगर नई दर संविदा से दरों की तुलना की जाए तो अंतर काफी अधिक था। इस प्रकार, संस्थान ने इन शल्य चिकित्सीय मदों का प्रापण उच्च दरों पर किया, जिसका परिणाम ₹ 51.53 लाख के परिहार्य भुगतान में हुआ। वर्णन **तालिका-क** में दिया गया है।

प्रबंधन ने बताया (अप्रैल 2013) कि अनेक मदों हेतु दर अनुबंध को अंतिम रूप देना एक जटिल प्रक्रिया है जो समाप्त होने में 9 से 12 महीनों का समय लेती है। तथापि, इस मामले में भण्डार अनुभाग (भ.अ.) के नियंत्रण से परे प्रशासनिक तथा अन्य कारणों के साथ-साथ रूई की दर में असमान्य वृद्धि के कारण जो कि इन मदों में प्रयोग होती है, दर संविदा को समय पर निर्णित नहीं किया जा सका। इसने यह भी बताया कि अस्पताल भण्डार ने तत्कालिक आवश्यकताओं का प्रबंधन करने हेतु तुरन्त आवश्यकता के मामले में स्वीकृत स्थानीय क्रय औषधि विक्रेता के माध्यम से क्रय किया गया जिससे कि मरीज देखभाल बाधित न हो।

विभाग का उत्तर यह तथ्य स्थापित करता है कि संस्थान ने दर अनुबंधों को निर्णित करने हेतु सामयिक कार्रवाई प्रारम्भ नहीं की थी। इसके अतिरिक्त दर संविदाओं को अंतिम रूप देने में विलम्ब उच्च दरों पर स्थानीय क्रय किए जाने का कारण भी बना।

मामला मार्च 2013 में मंत्रालय को प्रेषित किया गया था; उनका उत्तर जून 2013 तक प्रतीक्षित था।

तालिका-क

राशि ₹ में

क्र.सं.	अवधि	स्थानीय क्रय की दर	खरीदी गई प्रमात्रा	कुल भुगतान	नए दर अनुबंध के अंतर्गत दरें	नए द.अ. के संबंध में किया अधिक भुंगतान	सीमित निविदा जांच के अंतर्गत दर	सी.नि. के संबंध में अधिक भुगतान
1	**2**	**3**	**4**	**5=3*4**	**6**	**7=(3-6)x4**	**8**	**9=(3-8)*4**
				गोज थान				
1.	नवम्बर 2010 - फरवरी 2011	211.2	7000	1478400	139.23	503790	125	603400
2.	मार्च 2011 -दिसम्बर 2011	264	20000	5280000	139.23	2495400	125	2780000
						2999190		**3383400**
				स्किन स्टैपलर				
1.	अक्तूबर 2010 - सितंबर 2011	689.04	2796	1926556	273.87	1160815	283.5	1133890
						1160815		**1133890**
				रोलर बैंडेज 4" X 4"				
	दिसम्बर 2010 - फरवरी 2011	96.8	2000	193600	80.33	32940	82.1	29400
	मार्च- दिसम्बर 2011	114.4	6500	743600	80.33	221455	82.1	209950
						254395		**239350**
				रोलर बैंडज 6" x 4"				
	दिसम्बर 2010 - फरवरी 2011	145.2	2000	290400	120.49	49420	123.14	44120
	मार्च- दिसम्बर 2011	167.2	8000	1337600	120.49	373680	123.14	352480
						423100		**396600**
				उदर स्पन्ज 20 से.मी. x 20 से.मी.				
	नवम्बर 2010	14.08	1005	14150.4	8.8	5306.4		

दिसम्बर 2010	15.84	5100	80784	8.8	35904	
जनवरी 2011	14.08	4200	59136	8.8	22176	
फरवरी 2011	14.08	4200	59136	8.8	22176	
मार्च 2011	15.84	3600	57024	8.8	25344	
अप्रैल 2011	17.6	6300	110880	8.8	55440	
अप्रैल 2011	18.48	2100	38808	8.8	20328	
मई - दिसम्बर 2011	18.48	19500	360360	8.8	188760	
					375434.4	
			उदर स्पन्ज. 30 से.मी X 30 से.मी			
अक्तूबर 2010	23.94	15000	359100	14.3	144600	
नवम्बर 2010	19.54	6000	117240	14.3	31440	
दिसम्बर 2010	26.4	15300	403920	14.3	185130	
जनवरी 2011	19.54	10110	197549.4	14.3	52976.4	
फरवरी 2011	26.4	10200	269280	14.3	123420	
मार्च 2011	26.4	13200	348480	14.3	159720	
अप्रैल 2011	29.04	15300	444312	14.3	225522	
मई-दिसम्बर 2011	32.56	89200	2904352	14.3	1628792	
					2551600	
				कुल	**7764535**	**5153240**

अध्याय V : मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय

5.1 भूमि की खरीद पर निधियों का अवरोधन

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय ने अपने नए परिसर के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु जनवरी 1988 से मार्च 1992 के दौरान ₹ 1.95 करोड़ का व्यय किया। तथापि, भूमि का सीमांकन भी नही किया गया था जिसके परिणामस्वरूप 20 वर्षों से अधिक के लिए निधियां अवरूद्ध रहीं।

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (यो.वा.वि.), जो 8.8.1979 में मानित विश्वविद्यालय घोषित, एकड़ के क्षेत्र को आवृत्त करते हुए दिल्ली में तीन विभिन्न स्थानों[1] से कार्यकलापों को करता है।

यो.वा.वि. ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के समक्ष 50 एकड़ की भूमि आवश्यकता का प्रस्ताव रखा (फरवरी 1983)। दि.वि.प्रा. ने यो.वा.वि. को एक वर्ष के भूमि के किराए सहित सतत पट्टाधृत आधार पर ₹ 1.64 करोड़ में वसंत कुंज में नए परिसर के निर्माण हेतु 20 एकड़ भूखंड को आंवटित करने का निर्णय लिया (नवम्बर 1987)। दिसम्बर 1987 में मंत्रालय द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया गया था।

यो.वा.वि. ने जनवरी 1988 में दि.वि.प्रा. को ₹ 1.64 करोड़ का भुगतान किया। तथापि, दि.वि.प्रा. द्वारा स्थल में बदलाव के कारण, यो.वा.वि. ने मार्च 1992 में दि.वि.प्रा. को भूखंड के प्रीमियम में अंतर के प्रति ₹ 30.75 लाख का अतिरिक्त भुगतान किया तथा केवल आरेखणों के अनुसार प्लॉट का अधिग्रहण (जून 1992)लिया।

आबंटन पत्र में यह नियत किया गया था कि, यो.वा.वि. को अतिक्रमण से बचने के लिए अधिग्रहण प्राप्त होने पर तुरंत भूखंड पर चारदीवारी कर लेनी चाहिए और इसके अतिरिक्त अधिग्रहण दिए जाने की तिथि से दो वर्षों की अवधि के भीतर निर्माण पूरा करना होगा। तथापि, सीमांकन तथा चारदीवारी की अनुपस्थिति में मैसर्ज यूनीसन होटल्स लिमिटेड ने अपने होटल के निर्माण के दौरान खोदी गई मिट्टी को प्लॉट पर फैंक कर अतिक्रमण किया था। यो.वा.वि. ने इस कारण मैसर्ज यूनीसन से क्षतिपूर्ति का दावा (1998) किया था तथा मामले पर मुकदमा चल रहा है।

---

[1] 3.7 एकड़ के इंद्रप्रस्थ परिसर क्षेत्र में दो भवनों में शैक्षणिक, शिक्षण और छात्रावास तथा 5.1 एकड़ के क्षेत्र के साथ न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में छात्रावास एवं आवासीय सुविधा।

आबंटित प्लॉट के पुर्न-सीमांकन के उठने वाले मुद्दे के समाधान हेतु दि.वि.प्रा. के साथ बैठक की गई थी (अप्रैल 2003) जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि यो.वा.वि. वास्तविक सीमाओं का सर्वेक्षण करेगा तथा उसे दि.वि.प्रा. को प्रस्तुत करेगा। यो.वा.वि. ने एक सलाहकार द्वारा सर्वेक्षण संचालित करवाया और सर्वेक्षण रिपोर्ट को 29 मार्च 2004 को दि.वि.प्रा. को जमीन के मुद्दे को प्राथमिकता आधार पर सुलझाने के निवेदन के साथ भेजा।

तत्पश्चात, दि.वि.प्रा. (मई 2010) ने जमा कार्य के रूप में आबंटित भूमि का पुर्न-सीमांकन करने के लिए ₹ 1.47 लाख की अतिरिक्त मांग की और राशि का भुगतान यो.वा.वि. द्वारा कर दिया गया था। प्लॉट का पुर्न-सीमांकन नहीं किया जा सका क्योंकि भूमिक्षेत्र में विभिन्नताएं थी जिन पर दि.वि.प्रा. द्वारा निर्णय लिया जाना अभी बाकी था।

इस प्रकार, चारदीवारी लगाने के लिए कार्रवाई करने में विलम्ब तथा प्लॉट के पुर्न-सीमांकन के लिए अपर्याप्त अनुसरण करने के परिणामस्वरूप दि.वि.प्रा. को जनवरी 1988 से मार्च 1992 की अवधि के दौरान जारी किए गए ₹ 1.95 करोड़ 20 वर्षों से अधिक के लिए अवरूद्ध रहे। लेखापरीक्षा ने यह भी पाया कि यो.वा.वि. की विस्तार योजना प्रतिकूल रूप से प्राभावित हुई है।

मंत्रालय ने बताया (मई 2013) कि केवल प्लॉट के आयामों के पुर्न-सीमांकन की गतिविधियों के कारण निर्माण गतिविधियों में विलंब हुआ था। जिसके परिणामस्वरूप, वह प्लॉट पर चारदीवारी नहीं लगा पाए। यो.वा.वि. प्लॉट के सीमांकन हेतु दि.वि.प्रा. के साथ मुद्दे का अनुसरण कर रहा था।

5.2 अनियोजित खरीद के कारण जिससे सू.प्रौ. उपकरण बेकार पड़े रहे

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय ने ₹ 66.21 लाख की लागत पर कम्प्यूटर एवं सू.प्रौ.उपकरणों का प्रापण अनियोजित ढंग से किया जिसके कारण वे अप्रयुक्त पड़े रहे।

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (यो.वा.वि.) के विश्लेषण एवं प्रणाली केन्द्र (वि.प्र.के.) के विभागाध्यक्ष ने संस्थान के विभिन्न विभागों[2] के लिए 385 कम्प्यूटरों, पेरीफेरल, एवं सर्वरों के क्रय का प्रस्ताव किया। अधिक मात्रा में प्रापण का प्रस्ताव स्टूडियो में संगणकीय क्षमता को सुदृढ़ बनाने के लिए किया गया था। इसके बाद क्रय समिति की

[2] वास्तुकला विभाग- 245, योजना विभाग-90, विश्लेषण एवं प्रणाली केन्द्र -30 और जी.आई.एस.-20

सिफारिश पर यो.वा.वि. के निदेशक ने 385 कम्प्यूटर पेरीफेरल एवं सर्वरों के प्रापण का अनुमोदन किया। (जनवरी 2010)।

यह क्रय आ.नि.म[3] के माध्यम से किया गया था, जिसके लिए फरवरी 2010 और मार्च 2010 के दौरान ₹ 3.17 करोड़ का भुगतान किया गया। उपकरण तथा सॉफ्टवेयर मार्च 2010 से जून 2010 के दौरान प्राप्त हुए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि यो.वा.वि. इन उपकरणों के संस्थान हेतु आवश्यक बुनियादी ढाँचा प्रदान कराने में विफल रहा। जिसके परिणामस्वरूप 286 उपकरणों के संस्थापन में काफी देरी हुई।

संस्थापन में विलम्ब	कम्प्यूटरों की संख्या
12 से 18 माह	153
18 से 24 माह	25
24 माह से अधिक	87
संस्थापित न हुए (मार्च 2013 तक)	21

लेखापरीक्षा के दौरान इंगित किए जाने पर यो.वा.वि. ने 28 माह के विलम्ब के बाद 87 कम्प्यूटर संस्थापित किए (अक्तूबर 2012)। तथापि ₹ 18.08 लाख मूल्य की 21 मशीनें मार्च 2013 तक संस्थापित नहीं की गई थीं। इसके अतिरिक्त लेखापरीक्षा में यह भी पाया कि यो.वा.वि. ने ₹ 51.05 लाख मूल्य के 70 कम्प्यूटरों को स्टूडियों के बजाय अन्य स्थानों अर्थात, कार्यालय, पुस्तकालय, अन्य विभाग/अनुभाग, इत्यादि में भेज दिया। दो वर्षों से अधिक तक सू.प्रौ. उपकरण अप्रयुक्त पड़े रहने के परिणामस्वरूप उपकरण के साथ प्रदान की गई एक वर्ष की वारण्टी अवधि भी समाप्त हो गई।

लेखापरीक्षा में यह भी पाया गया कि यो.वा.वि., आ.नि.म. के माध्यम से प्रापण पर शिक्षा उपभोक्ता को अनुमत अत्पाद शुल्क से छूट के रूप में अनुमत पाँच प्रतिशत अर्थात ₹ 10.52 लाख की छूट का लाभ में विफल रहा। यो.वा.वि. भारत सरकार के वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान विभाग द्वारा अपने को पंजीकृत कराया था, जो छूट प्राप्त करने की अनिवार्य शर्त थी।

यो.वा.वि. ने उत्तर दिया (अक्तूबर 2012) कि कम्प्यूटर तथा संबंधित उपकरणों को अधिष्ठापन स्थल और विद्युत कनेक्शन न होने के कारण संस्थापित नहीं किया जा सका। इसके अतिरिक्त, यो.वा.वि. ने बताया कि कम्प्यूटरों को संस्थापित करने के लिए

[3] आपूर्ति एवं निपटान महानिदेशालय आपूर्ति विभाग, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार का केन्द्रीय क्रय एवं गुणवत्ता आश्वासन संगठन।

स्थान तैयार करने में देरी हुई क्योंकि कम्प्यूटर प्रयोगशाला का कार्य सत्र के मध्य में आरंभ नहीं हो सकता था तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों में व्यवधान न हो। मंत्रालय ने संस्थान के उत्तर का समर्थन किया (मार्च 2013)।

यो.वा.वि. के उत्तर से इस बात की पुष्टि होती है कि प्रापण की योजना प्रभावी ढ़ंग से तैयार नहीं की गई थी जो सू.प्रौ. उपकरण के दो वर्षों से अधिक समय तक व्यर्थ पड़े रहने का कारण बनी।

5.3 संकाय सदस्यों द्वारा कंप्यूटरों तथा पेरीफेरल की खरीद की प्रतिपूर्ति हेतु संचित व्यवसायकि विकास भत्ते का अनियमित उपयोग- ₹ 1.52 करोड़

मौ.आ.रा.प्रौ.सं., भोपाल ने 2009-12 के दौरान संचित व्यवसायिक विकास भत्ता (सं.व्य.वि.भ.) के अंतर्गत कंप्यूटरों तथा परीफेरल के प्रापण हेतु अपने संकाय सदस्यों को ₹ 1.52 करोड़ की प्रतिपूर्ति की जो कि अनियमित थी, क्योंकि इस प्रकृति के व्यय सं.व्य.वि.भ. के अंतर्गत शामिल नहीं थे।

छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं पर केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के वेतन संशोधन का अनुपालन करते हुए केन्द्रीय रूप से वित्तपोषी तकनीकी संस्थानों के शिक्षण तथा अन्य स्टाफ की वेतन तथा अन्य सेवा शर्तों का संशोधन करते समय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (मा.सं.वि.मं.,) ने पत्र दिनांक 18.08.2009 के माध्यम से 'अन्य सेवा शर्तों' के अंतर्गत एक संघटक नामतः संचित व्यावसायिक विकास भत्ता (सं.व्य.वि.भ.) को प्रारंभ किया था। प्रत्येक तीन वर्षों की समुचित अवधि के लिए ₹ 3 लाख (₹ एक लाख प्रति वर्ष) का सं.व्य.वि. भत्ता दोनो राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने हेतु व्यय को पूरा करने, विभिन्न व्यवसायिक निकायों के सदस्यता शुल्क तथा आकस्मिक व्यय अदा करने के लिए प्रतिपूर्ति आधार पर प्रत्येक संकाय सदस्य को उपलब्ध था।

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल (मौ.आ.रा.प्रौ.सं.) के अभिलेखों की संवीक्षा के दौरान यह पाया गया था कि अगस्त 2009 से मार्च 2012 के दौरान, सं.व्य.वि.भ. के लिए मौ.आ.रा.प्रौ.सं. द्वारा व्यय किए गए ₹ 2.94 करोड़ में से ₹ 1.52 करोड़ (52 *प्रतिशत*) की सं.व्य.वि.भ. के 'आकस्मिक व्ययों' के अंतर्गत ऐसी प्रतिपूर्ति को शामिल करते हुए कंप्यूटरों तथा पेरीफेरल की खरीद हेतु प्रतिपूर्ति की गई थी।

इंगित किए जाने पर, मौ.आ.रा.प्रौ.सं. ने यह बताते हुए कार्य को उचित ठहराया (जनवरी 2013) कि लैपटॉप एक परस्पर संवादात्मक मीडिया पुस्तिका है जो इलैक्ट्रॉनिक रूप से पुस्तक लिखने, शिक्षण तथा दस्तावेज प्रस्तुतीकरण की सुविधा प्रदान करती है तथा इसलिए इसे सं.व्य.वि.भ. के अंतर्गत लिया गया था। इसने आगे बताया कि मामले को 09.11.2012 को हुई अध्यक्ष मंडल (अ.मं.) की 29वीं बैठक में प्रस्तुत

किया गया था तथा अ.मं. ने निर्देश दिया कि सं.व्य.वि.भ. के अंतर्गत खरीदी गई सभी परिसंपत्ति मदों को संस्थान की परिसंपत्ति के रूप में माना जाना चाहिए। इसने यह भी बताया कि आवश्यक प्रविष्टियां वर्तमान वित्तीय वर्ष में पारित की जाएंगी तथा परिसंपत्तियों को तुलन-पत्र में दर्शाया जाएगा।

राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेकर, विभिन्न व्यवसायिक निकायों का सदस्यता शुल्क तथा आकस्मिक व्ययों को अदा करने के माध्यम से संकाय के व्यावसायिक विकास की योजना का कंप्यूटरों/पेरीफेरल की खरीद की प्रतिपूर्ति हेतु ऐसा विरूपण अनियमित था। इसके अतिरिक्त हमारी राय में, एक विशिष्ट योजना के अंतर्गत आकस्मिक व्यय के संघटक का तात्पर्य केवल उसी योजना के समग्र ढ़ांचे के अंतर्गत आकस्मिक व्यय है तथा मुख्य योजना को विकृत करने हेतु इसे संकुचित नहीं किया जा सकता।

मामला मा.सं.वि.मं. को फरवरी 2013 में सूचित किया गया था; मई 2013 तक उत्तर प्रतीक्षित था।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली एवं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

5.4 जल प्रभारों पर छूट का दावा न किया जाना

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली एवं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय मौजूदा वर्षा जल संचयन प्रणाली पर ₹ 1.44 करोड़ की राशि पर 10 *प्रतिशत* की छूट का लाभ उठाने में विफल रहे।

दिल्ली जल बोर्ड (दि.ज.बो.) ने जनवरी 2010 से प्रभावी, दिल्ली में जल प्रशुल्क हेतु अपनी अधिसूचना (दिसम्बर 2009) में, निर्दिष्ट किया कि सरकारी संस्थान, कार्यात्मक वर्षा जल संग्रहण संरचनाओं की मौजूदगी के अध्यधीन, पानी के बिलों की कुल राशि पर 10 प्रतिशत छूट के पात्र होंगे।

(क) 2000 से, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली के अपने परिसर में 28 वर्षा जलसंचयन कुएं थे। लेखापरीक्षा ने पाया (मई 2012) कि भा.प्रौ.सं., दिल्ली ने जनवरी 2010 से जुलाई 2012 तक के मासिक पानी के बिलों पर 10 *प्रतिशत* की छूट का दावा नहीं किया था जिसके परिणामस्वरूप दि.ज.बो. को ₹ 64.29 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ। लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, संस्थान ने दि.ज.बो. से मई 2012 तथा जून 2012 में भुगतान किए गए पानी के बिलों पर छूट की वापसी करने का अनुरोध किया। तदनुसार, दि.ज.बो. ने, भा.प्रौ.सं. दिल्ली का संयुक्त निरीक्षण संचालित किया (अगस्त 2012) और पाया कि कुछ वर्षा जल संचयन कुएं कार्यात्मक नहीं थे और संस्थान से उसके

छूट के दावे पर विचार करने से पहले वर्षा जल संचयन संरचनाओं का स्थान दर्शाते हुए विस्तृत आरेखण प्रस्तुत करने को कहा (अक्तूबर 2012)। प्रबंधन ने दि.ज.बो. से भा.प्रौ.सं. फिर से आने को कहा। इस विषय में प्रगति प्रतीक्षित है (जनवरी 2013)।

मामला मंत्रालय को दिसम्बर 2012 में भेजा गया था; उनका उत्तर जून 2013 तक प्रतीक्षित था।

(ख) इसी प्रकार, 2005 से, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (विश्वविद्यालय) के अपने परिसर में आठ वर्षा जल संचयन प्रणालियां कार्यात्मक थीं तथा वह अपने मासिक पानी के बिलों पर 10 प्रतिशत की छूट का लाभ पाने का पात्र था। लेखापरीक्षा ने पाया (नवम्बर 2011) कि विश्वविद्यालय ने जनवरी 2010 से सितम्बर 2011 के दौरान मासिक पानी के बिलों पर छूट का लाभ नहीं उठाया था, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 80 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ। नवम्बर 2011 में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति जारी होने के पश्चात विश्वविद्यालय ने मुद्दा दि.ज.बो. के समक्ष उठाया। दि.ज.बो. जून 2011 से छूट के लिए सहमत हो गया, और विश्वविद्यालय को पहले की अवधि से संबंधित छूट के लिए वर्षा जल संचयन प्रणालियों के संस्थापन की वास्तविक तिथि के प्रमाण प्रस्तुत करने को कहा।

मंत्रालय ने बताया (फरवरी 2013) कि पहले से ही भुगतान की गई अतिरिक्त अधिक राशि की वापसी के लिए विश्वविद्यालय ने दि.ज.बो. के समक्ष मुद्दा उठाया था।

विश्व भारती

5.5 ब्याज की हानि

विश्व भारती द्वारा अव्ययित अनुदान की वापसी न करने एवं ब्याज अर्जित करने वाली अवधि जमा में निवेश ना करने के परिणामस्वरूप ₹ 1.39 करोड़ के ब्याज की हानि हुई थी।

विश्व भारती (विश्वविद्यालय) को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वि.अ.आ.) से योजनागत अनुदान प्राप्त करता है। योजनागत अनुदान की संस्वीकृति की शर्तों के अनुसार, वित्तीय वर्ष जिसमें अनुदान वितरित किया गया था की समाप्ति पर वि.अ.आ. के उपयोगिकता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना होता है। विश्वविद्यालय अतिरिक्त/ अव्ययित अनुदानों को भी, विवेकपूर्ण वित्तीय प्रस्ताव के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ब्याज वाली अवधि जमा में निवेश करता है।

विश्वविद्यालय ने विभिन्न योजना गतिविधियों के लिए वि.अ.आ. से 1997-98 से 2001-02 की अवधि के दौरान 9वें योजनागत विकास अनुदान के रूप में ₹ 11.68 करोड़ प्राप्त किए जिनको 31.03.2002 तक व्यय किया जाना था। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण विरासत वाली विभिन्न विश्वविद्यालय इमारतों के नवीकरण हेतु तथा अध्ययन एवं अनुसंधान में सहायता देने वाली बेहतर सुविधाओं के सृजन हेतु मार्च 1999 में वि.अ.आ. से ₹ 1.00 करोड़ का विशेष अनुदान भी प्राप्त किया था।

वि.अ.आ. ने 9वीं योजना अवधि के दौरान विश्वविद्यालय को जारी किए गए विकास अनुदान की उपयोगिता हेतु समय सीमा को मार्च 2004 तक बढ़ाने का निर्णय लाया था (मई 2002)। हालांकि, विशेष अनुदान की उपयोगिता की अवधि नहीं बढ़ाई गई थी।

लेखापरीक्षा ने पाया कि, विश्वविद्यालय ने मार्च 2005 तक ₹ 12.68 करोड़ कुल योजना/विशेष अनुदान में से ₹ 10.01 करोड़ का उपयोग किया था। ₹ 2.67 करोड़ की शेष अव्ययित राशि की न तो वि.अ.आ. को वापसी की गई थी ओर न ही उसे ब्याज वाले अवधि जमा में निवेश किया गया था, और अप्रैल 2005 से मार्च 2012 तक चालू खाते में रखी गई थी। दोनों मामलों में आधिक्य राशि को निवेशित न किए जाने के कारण न तो अभिलेख में पाए गए थे और ना ही विश्वविद्यालय द्वारा स्पष्ट किए गए थे।

वि.अ.आ. को वापसी न किए जाने के कारण अतिरिक्त निधियों के निवेश न किए जाने के परिणामस्वरूप ₹ 1.39 करोड़ की राशि के ब्याज की संभावित हानि हुई यदि उस राशि का प्रचलित दरों पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की अवधि जमा में निवेश किया गया होता।

नवम्बर 2011 में विश्वविद्यालय ने बताया कि यद्यपि विश्वविद्यालय ने वि.अ.आ. से फरवरी 2004 में आगे की अवधि के लिए अव्ययित राशि की उपयोगिता की अवधि को बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था, वि.अ.आ. से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई थी तथा निधि को रख लिया गया था। विश्वविद्यालय ने यह भी बताया कि उन्होंने अब अव्ययित शेष की वापसी करने का निर्णय ले लिया गया है।

यह उत्तर लेखापरीक्षा की इस चिंता को स्पष्ट नहीं करता था कि विश्वविद्यालय ने न तो अनुप्रयुक्त अनुदान की वापसी की थी और न ही विवेकपूर्ण वित्तीय प्रस्तावना की अनुरूपता में निवेश किया गया था।

मामला मंत्रालय को अगस्त 2011 में प्रेषित कर दिया गया था; उनका उत्तर जून 2012 तक प्रतीक्षित था।

अध्याय VI : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

प्रसार भारती

6.1 अधिक संस्वीकृत भार के कारण विद्युत आपूर्ति हेतु अतिरिक्त भुगतान

वास्तविक आवश्यकता संगति में संस्वीकृत भार के मूल्यांकन में विफलता के कारण, निर्धारित प्रभारों के प्रति ₹ 82.41 लाख का अधिक भुगतान।

उपभोक्ताओं के सभी गैर-घरेलू श्रेणियों के लिए, उ.दि.वि.लि.[1] के विद्युत टैरिफ की अनुसूची के अनुसार, संस्वीकृत भार अथवा अधिकतम मांग इंडेक्स (अ.मां.इं.[2]) की रीडिंग, जो भी अधिक हो, पर निर्धारित प्रभार प्रति के.वी.ए. के आधार पर लगाया जाना था। दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (दि.वि.वि.आ.) के दिशानिर्देश निर्धारित करते हैं कि अप्रैल 2009 से मार्च 2010 की अवधि से, उपभोक्ता द्वारा 12 माह की अवधि के दौरान उपयोग की गई तीन अधिकतम मांग रीडिंग के औसत को आगामी वर्ष अर्थात 2010-11 के दौरान संस्वीकृति भार को संशोधित करने के लिए अपनाया जाएगा। बिजली के किसी भी मितव्ययी एवं बड़े उपभोक्ता द्वारा यह देखा जाना अपेक्षित है कि यह बढ़ाये हुए संस्वीकृत भार के प्रति निर्धारित प्रभारों का भुगतान नहीं करें।

प्रसार भारती (प्र.भा.) की दो इकाईयों[3] के अभिलेखों की लेखापरीक्षा जाँच (मार्च 2012) ने उजागर किया कि संस्वीकृत भार खपत पैटर्न से अधिक थे, जिसका आशय था कि भार का मूल्यांकन दि.वि.वि.आ. दिशानिर्देशों के अनुसार नहीं किया गया था। अधिक संस्वीकृत भार, के परिणामस्वरूप अप्रैल 2010 से मार्च 2012 की अवधि के दौरान ₹82.41 लाख के निर्धारित प्रभारों का अतिरिक्त भुगतान हुआ जैसा कि निम्न तालिका में दर्शाया गया है:

प्र.भा. की इकाई	अवधि	संस्वीकृत भार (के.वी.ए. में)	दि.वि.वि.आ. दिशानिर्देशों[4] के अनुसार मूल्यांकन (के.वी.ए. में)	अधिक अनुशंसित भार (के.वी.ए. में)	निर्धारित प्रभारों के कारण अधिक भुगतान
अधीक्षण अभियंता, उच्च शक्ति ट्रांसमीटर,	अप्रैल 2010 से मार्च 2011	5214	3741	1472	1472 के.वी.ए.*12माह * ₹ 150=₹ 26.50 लाख

[1] उत्तरी दिल्ली विद्युत लिमिटेड।

[2] अधिकतम मांग इंडेक्स-मासिक बिल में दिखाया गया उच्चतम खपत

[3] अधीक्षण अभियंता उच्च शक्ति ट्रांसमीटर, अखिल भारतीय रेडियो, खामपुर तथा अधीक्षण अभियंता, उच्च शक्ति ट्रासंमीटर अखिल भारतीय रेडियो, किंग्सवे कैम्प।

[4] उपभोक्ता द्वारा पिछले वित्त वर्ष में उपयोग की गई तीन उच्चतम मांग रीडिंग के औसत पर।

अखिल भारतीय रेडियो, खामपुर	अप्रैल 2011 से जुलाई 2011	5214	3191	2023	2023 के.वी.ए.*4माह * ₹ 150= ₹ 12.14 लाख
	अगस्त 2011 से मार्च 2012	5214	3191	2023	2023 के.वी.ए.*8माह* ₹ 125=₹ 20.23 लाख
अधीक्षण अभियंता, उच्च शक्ति ट्रांसमीटर, अखिल भारतीय रेडियों, किंग्सवे कैम्प	अप्रैल 2010 से मार्च 2011	1470	813	657	657 के.वी.ए.*12माह * ₹ 150=₹ 11.83 लाख
	अप्रैल 2011 से जुलाई 2011	1470	738	732	732 के.वी.ए.*4 माह * ₹ 150=₹ 4.39 लाख
	अगस्त 2011 से मार्च 2012	1470	738	732	732 के.वी.ए.*8 माह * ₹ 125=₹ 7.32 लाख
योग					**₹ 82.41 लाख**

इसके अतिरिक्त लेखापरीक्षा ने पाया कि उ.दि.वि.लि. ने सितम्बर 2011 में दोनों ही यूनिटों के टैरिफ श्रेणी को एम.एल.एच.टी. से एन.डी.एच.टी. में संशोधित किया। हालांकि, टैरिफ श्रेणी में कमी के बावजूद संस्वीकृत भार का मूल्यांकन कर उसे प्रक्रिया के अनुसार कम नहीं किया गया था, जो अप्रैल 2010 से मार्च 2012 की अवधि के दौरान ₹ 82.41 लाख के अधिक भुगतान में पारित हुआ।

मंत्रालय ने प्रसार भारती के उत्तर की पुष्टि की (फरवरी 2013) कि दोनों ही स्टेशनों में, वास्तविक आवश्यकता की संगति में संस्वीकृत भार संशोधित किये गये थे। खामपुर वाले स्टेशन के संस्वीकृति भार को 5214 के.वी.ए. से 4000 के.वी.ए. में अप्रैल 2012 से घटा दिया गया था। यदि अ.मां.ई. संस्वीकृत भार से अधिक चला जाता है तो वितरण उपयोगिता द्वारा दण्डित प्रभार से बचने के लिए एक सुरक्षा हाशिया रखा था।

इसके अतिरिक्त, किंग्सवे कैम्प वाले स्टेशन का संस्वीकृत भार जून 2012 से 1470 के.वी.ए. से 650 के.वी.ए. कम कर दिया गया था।

विभाग के उत्तर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को पुष्ट करते हैं। प्र.भा. को इसकी सभी इकाईयों के संस्वीकृत भार की समीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए करनी चाहिए कि क्या संस्वीकृति भार संबंधित विद्युत विनियामक आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वास्तविक आवश्यकता के करीब है।


अध्याय VII : पोत परिवहन मंत्रालय

मोर्मूगाव पत्तन न्यास

7.1 निधियों का अवरोधन

भा.ते.नि.लि. द्वारा इमारत के उपयोग की बचनवद्धता के बिना तथा एक अन्य इमारत की विपणनता को सुनिश्चित किए बिना इनके निर्माण का परिणाम कुल ₹ 3.01 करोड़ की निधियों के अवरोधन में हुआ।

(क) मोर्मूगाव पत्तन न्यास (मो.प.न्या.) द्वारा पट्टे पर दी गई भारतीय तेल निगम लिमिटेड (भा.ते.नि.लि.), वास्को की विद्यमान प्रशासनिक कार्यालय की इमारत बैना से मो.प.न्या. के द्वार सं. 9 को रा.रा. 17 ख[1] को जोड़ने वाले प्रस्तावित पुल के मार्ग में आ रही थी जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:



कथित इमारत 479 वर्ग मीटर के क्षेत्र में स्थित थी जो मो.प.न्या. द्वारा 30 वर्षों के लिए (फरवरी 1980) भा.ते.नि.लि. को पट्टे पर दी गई थी। पट्टा 26 फरवरी 2010 में समाप्त होना था।

[1] रा.रा.17 ख का कार्य विभिन्न कारणों से इस विस्तार हेतु भी प्रारम्भ नहीं किया गया है जिसमें भा.ते.नि.लि. द्वारा पुराने परिसर का अभिग्रहण शामिल है जो प्रस्तावित फ्लाईओवर की सीध में था।

मो.प.न्या. के न्यासी बोर्ड (बोर्ड) ने पट्टे[2] को रद्द करने तथ मो.प.न्या. की लागत पर भा.ते.नि.लि. को स्थान प्रदान करने तथा उनको पट्टे पर देने हेतु एक नई इमारत का निर्माण करने का निर्णय लिया (दिसम्बर 2007)। इमारत के निर्माण कार्य भा.ते.नि.लि. द्वारा इसके उपयोग की वचनबद्धता प्राप्त किए बिना तथा पुराने पट्टे को रद्द करने से पहले अक्तूबर 2008 में प्रारम्भ किया गया था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि भा.ते.नि.लि. ने पुराने परिसर के लिए पट्टे को अतिरिक्त 30 वर्षों हेतु बढ़ाने की अपनी इच्छा व्यक्त की थी (दिसम्बर 2009)। तथापि, मो.प.न्या. ने इस पट्टे के नवीकरण को अस्वीकार किया (फरवरी 2010) तथा भा.ते.नि.लि. को तुरंत प्लाट का अभिग्रहण खाली करके सुपुर्द करने को सूचित किया। इमारत का निर्माण ₹ 2.28 करोड़ की लागत पर मई 2010 में पूर्ण हुआ था। भा.ते.नि.लि. ने दिसम्बर 2012 को न तो प्लाट की सुपुर्दगी की है और न ही नव निर्मित इमारत के संबंध में कोई करार किया है। इसके अतिरिक्त, ₹ 4.86 लाख प्रति माह का पट्टा किराया, जिसे इस नई इमारत हेतु मो.प.न्या. द्वारा निर्धारित किया गया था, भी भा.ते.नि.लि. द्वारा स्वीकार्य नहीं था।

इस प्रकार, नई इमारत के निर्माण का परिणाम दो वर्षों से अधिक के लिए ₹ 2.28 करोड़ के निवेश के व्यर्थ होने में हुआ।

प्रबंधन/मंत्रालय ने बताया (जून 2012/दिसम्बर 2012) कि इमारत का निर्माण इसलिए किया गया था क्योंकि भा.ते.नि.लि. निर्माण के पश्चात इसे अधिकार में लेने को सहमत था परंतु संशोधित पट्टा किराया काफी अधिक होने के कारण वह पीछे हट गया। भा.ते.नि.लि. किराये हेतु सहमत नहीं हुआ क्योंकि उसने वर्तमान किराये की तुलना में इसे काफी अधिक पाया। लोक परिसर अधिनियम, 1971 के अंतर्गत अब निष्कासन कार्रवाई प्रारम्भ की जा चुकी है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि इमारत का निर्माण मोर्मूगाव पत्तन सड़क कम्पनी लिमिटेड (मो.प.स.क.लि.) की ओर से किया गया था तथा व्यय को मो.प.स.क.लि. में मो.प.न्या. की इक्विटी के अंश के प्रति समायोजित किया गया है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि मो.प.न्या. ने यह दर्शाने के लिए कोई लिखित साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है कि अक्तूबर 2008 में निर्माण कार्य आरम्भ करने से पूर्व भा.ते.नि.लि. से वचनबद्धता प्राप्त की गई थी। भा.ते.नि.लि. ने पट्टे पर अतिरिक्त भूमि के साथ-साथ इमारत में तथा आंतरिक व बाहरी बदलावों की आवश्यकता सहित विभिन्न

